नई दिल्ली
शनिवार, 13 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 93
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

नेपाल में 'प्रचंड' की सरकार गिरी

पुष्प कमल दहल विश्वास मत हारे, दिया पीएम पद से इस्तीफा

नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को बड़ा झटका लगा है। प्रचंड संसद में विश्वास मत हार गए। 19 महीने सत्ता में रहने के बाद अब उन्हें पद छोड़ना पड़ा। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उनको विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

दुनिया भर के 200 जादूगर रामलला के दर्शन कर जादू से फहराएंगे भगवा ध्वज

अयोध्या में बनेगा अनोखा वर्ल्ड रिकार्ड

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सृष्टि के नियंता अद्भुत कला के जादूगर प्रभु श्रीराम के समक्ष दुनिया भर के जादूगर वर्ल्ड रिकार्ड के लिए यहां जुटेंगे। यह जादूगर 14 जुलाई रविवार को प्रातः श्रृंगार आरती में रामलला का दर्शन करेंगे। इसके उपरांत श्रीरामजन्म भूमि परिसर में ही अपनी जादुई कला से एक साथ भगवा ध्वज लहराकर वैश्विक कीर्तिमान बनाएंगे। जादूगरों के सामूहिक प्रयास को रिकार्ड करने के लिए मुम्बई से इंटरनेशनल टैलेंट बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड एवं जीनियस वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारियों की टीम भी यहां मौजूद रहेंगी।

दो दिन सायं 6 बजे से जादू शो भी होगा

भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के चेयरमैन डा. सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता व ट्रेजरार डॉ. वीके सम्राट एवं कार्यक्रमाध्यक्ष सुनील शर्मा ने संयुक्त रूप से आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि संगठन के शैक्षणिक सत्रों के अतिरिक्त शनिवार व रविवार की सायं छह बजे से मंत्रार्थ मंडपम वासुदेव घाट में जादू का ओपेन शो भी होगा। इस शो में चुनिंदा जादूगर अपनी कला के तिलिस्म से दर्शकों को चमत्कृत करेंगे। इस आयोजन के पीछे अंधविश्वासों को दूर कर सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं को जागरूक करना है।

इस आयोजन में मुस्लिम जादूगर भी शामिल होंगे

कुमार उर्फ इंजीनियर कुलदीप मिश्र ने बताया कि भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के तत्वावधान में अयोध्या में दो दिवसीय जादू समागम 2024 का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 13 व 14 जुलाई को होगा। राम संकल्पना ट्रस्ट के अध्यक्ष व बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज के माध्यम से चार महीने पहले पहल की गई थी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय से बातचीत हो गई है। जादू समागम में देश भर के सभी प्रतिष्ठित जादूगरों के अलावा श्रीलंका, बंगलादेश और नेपाल के भी जादूगर हिस्सा लेंगे। इनमें मुस्लिम जादूगर भी शामिल हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

सेनाप्रमुख ने पूर्वोत्तर में एलएसी पर परखी सेना की रणनीतिक तैयारियां

नई दिल्ली (ब्यूरो)। पूर्वी लद्दाख में बीते चार साल से अधिक समय से जारी विवाद के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वोत्तर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगे इलाकों में सेना की रणनीतिक और परिचालन संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की है।

दरअसल जनरल द्विवेदी बीते गुरुवार से क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इसमें उन्होंने उत्तरी सीमा से लेकर पूर्वोत्तर स्थित राज्यों में मौजूद सेना की विभिन्न संरचनाओं (नागालैंड में 3 कोर, तेजपुर में 4 कोर और पश्चिम बंगाल में 33 कोर) में बल की तैयारियों का जायजा लिया। सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें बताया कि सेनाप्रमुख की इस यात्रा में उनके साथ ▶▶ शेष पेज 7 पर

'संविधान पर सियासत' : केंद्र का विपक्ष पर जोरदार प्रहार

25 जून को देशभर में मनाया जाएगा 'संविधान हत्या दिवस'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'संविधान' पर सियासत पर केंद्र सरकार ने पहले संसद के अंदर और अब बाहर लगातार विपक्ष को बेहद आक्रामक तरीके से घेरने की रणनीति पर काम कर रही है। कांग्रेस शासकाल में लगे आपातकाल को याद करते हुए अब हर 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाया जाएगा। इसकी बकायदा गजट नोटिफिकेशन पर केंद्रीय गृहमंत्रालय ने औपचारिक मुहर भी लगा दिया है। मतलब साफ है कि जिस संविधान की 'शह' से विपक्ष द्वारा 'मात' की तैयारी थी उसी मोहरे भाजपानीत राजग सरकार ने विपक्ष की जबरदस्त घेराबंदी की है।

आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर अपना हमला जारी रखते हुए, सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि 25 जून को हर साल 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। एक्स पर घोषणा करते हुए, गृह मंत्री अमित शाह ने एक गजट अधिसूचना पोस्ट की और लिखा, 25 जून, 1975 को, तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का निर्लज्ज प्रदर्शन करते हुए, आपातकाल लागू करके हमारे लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। देश में लाखों लोगों को बिना किसी गलती के जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज दबा दी गई थी। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। यह दिन उन सभी लोगों के व्यापक योगदान को याद करेगा जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि यह दिन संविधान को कुचले जाने की याद दिलाएगा। 25 जून इस बात की याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था तो क्या हुआ था! यह आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, कांग्रेस भारतीय इतिहास का काला दौर सामने आया।

25 जून 1975 को लगी इमरजेंसी

12 बजे रात को रेडियो से किया ऐलान

06 साल इंदिरा गांधी के चुनाव लड़ने पर लगी थी रोक

- 21 माह तक नहीं हुई कोई सुनवाई
- नामचीन दिग्गज विपक्षी नेताओं को भेजा जेल
- 25 जून को 2024 को रही 49वीं बरसी

संसद में उठाया गया था मुद्दा

संसद में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में स्पीकर ओम बिरला द्वारा आपातकाल का जिक्र किया गया, जिसको लेकर विवाद बढ़ गया था। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए सदन में 2 मिनट का मौन भी रखवाया था। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में भी आपातकाल का जिक्र किया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इसको लेकर स्पीकर से मुलाकात की थी।

सुर्खियां बटोरने की कवायद: कांग्रेस

कांग्रेस ने पलटवार करते हुए भाजपा पर ''पाखंड की एक और सुर्खियां बटोरने की कवायद'' में शामिल होने का आरोप लगाया है। ये बात दीगर है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार वाले नारे से विपक्षी दलों ने ये मायने निकाल कर वोटरों तक पहुंचाया था कि भाजपा नेतृत्व में राजग गठबंधन को अगर 400 सीटें लोकसभा में मिलीं तो फिर से संविधान संशोधन कर आरक्षण पर कुठाराघात करेंगे। संवैधानिक संस्थाओं को और कमजोर कर देंगे। विपक्षी दलों का मानना है कि उनके नेरेटिव को वोटरों को स्वीकार किया जिसकी वजह से भाजपा को अपने बूते सरकार बनाने की ताकत नहीं मिल सकी। उसके बाद से विपक्षी दल लगातार संविधान की कॉपी लेकर भाजपा पर आक्रामक रहते हैं। इसके काट के रूप में भाजपानीत केंद्र सरकार ने कांग्रेस शासकाल में लगे आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में 25 जून को आधिकारिक रूप से देशभर में मनाने का निर्णय लिया।

बड़ी पीठ गिरफ्तारी पर लेगी निर्णय

उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को दी अंतरिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। शीर्ष अदालत ने ईडी की शक्ति, धन शोधन निवारण

अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी की आवश्यकता और ईडी द्वारा गिरफ्तारी की नीति से संबंधित तीन प्रश्न तैयार किए हैं। पीठ ने कहा कि केजरीवाल को 10 मई के आदेश की शर्तों के अनुसार अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाएगा।

शीर्ष अदालत ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव प्रचार के लिए 10 मई को केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया था। केजरीवाल अपनी अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे। अदालत ने कई शर्तों के अलावा केजरीवाल से कहा था कि 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि के दौरान वह उपराज्यपाल की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत आवश्यक होने पर ही किसी आधिकारिक फाइल पर हस्ताक्षर करें। शीर्ष अदालत ने मामले में 21 मार्च को ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला 17 मई को सुरक्षित रख लिया था।

हरियाणा सरकार को 'सुप्रीम' फटकार

शंभू बॉर्डर खोलें, हाईवे कैसे बंद कर सकते हैं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से हरियाणा सरकार को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने दिल्ली-अंबाला रोड पर शंभू बॉर्डर पर लगे अवरोधकों के संबंध में राज्य सरकार से कहा कि राज्य हाईवे कैसे बंद सकता है? इसे यातायात के लिए खोलें और नियंत्रित करें। यहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। हरियाणा सरकार ने फरवरी में इस वजह से अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगाए थे, जब संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) (गैर-

राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों के समर्थन में दिल्ली कूच करने का एलान किया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब हरियाणा ▶▶ शेष पेज 7 पर

गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के 3 शूटर्स एनकाउंटर में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा के सोनीपत में शुक्रवार रात को पुलिस ने तीन बदमाशों का एनकाउंटर किया है। सोनीपत के खरखौदा में पुलिस की हिमांशु भाऊ गैंग के बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस ने तीनों अपराधियों को मार गिराया है। रोहतक बाईपास स्थित छिन्नौनी रोड पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही एसटीएफ सोनीपत और न्यू दिल्ली रेंज आरके पुरम की टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। इसमें बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने बचाव में गोली चलाई तो तीन

विक्की आशीष

बदमाश घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार रात करीब नौ बजे एसटीएफ सोनीपत प्रभारी योगेंद्र दहिया के नेतृत्व में टीम गश्त कर रही थी। वहीं न्यू दिल्ली रेंज क्राइम ब्रांच की एक टीम भी खरखौदा क्षेत्र में थी। इसी दौरान टीम को ▶▶ शेष पेज 7 पर

पम्प की क्षमता	प्रकार	उपभोक्ता द्वारा देय राशि
3 HP DC	सरफेस (मोनोब्लॉक)	₹ 53,926
7.5 HP DC	सबमर्सिबल	₹ 1,13,629
10 HP DC	सबमर्सिबल	₹ 1,42,170
10 HP AC	सबमर्सिबल	₹ 1,40,759
10 HP DC	सबमर्सिबल (USPC के साथ)	₹ 2,02,253
10 HP AC	सबमर्सिबल (USPC के साथ)	₹ 2,06,486

स्पेशल सेल ने सिपाही मादक पदार्थों की आपूर्ति करता साथी संग दबोचा

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने ट्रैफिक पुलिस के एक कांस्टेबल को मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में अरेस्ट किया है। कांस्टेबल मनीष के साथ उसका एक साथी रवि भी पकड़ा गया है। दोनों की गिरफ्तारी जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास से हुई। इनके पास से बरामद एमडीएमए की कीमत एक करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार एक इनपुट मिलने के बाद गुरुवार को जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के निकट ट्रैप लगाया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को एक लग्जरी कार में एक किलोग्राम एमडीएमए की आपूर्ति करते हुए पकड़ा गया। इस ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। दोनों लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि सिपाही लंबे समय से नशे का कारोबार कर रहा है। पुलिस को सिपाही व उसके दूसरे साथी का दो दिन का पुलिस रिमांड मिला है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले नशे का कारोबार करने का आरोप दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में तैनात सब इंस्पेक्टर नरेश पर भी लगा था। नरेश के दक्षिण अफ्रीका फरार होने की आशंका है। जून में कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। नरेश पर कथित तौर पर राजधानी से एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ कार्टेल चलाने का आरोप है।

एक साल का बच्चा करवाया गया मुक्त

मानव तस्करी गिरोह की तीन महिलाओं समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुल्तानपुरी पुलिस ने मानव तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस सिलिसले में चार महिलाओं समेत पांच लोग गिरफ्तार हुये। इनके पास से लापता एक साल का बच्चा भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दो महिला नौकरानियां हैं जिन्होंने बच्चे को मथुरा में एक जोड़े को बेच दिया था। एक महिला बिचौलिए की भूमिका में थी।

डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार 8 जुलाई को रात लगभग सवा आठ बजे सुल्तानपुरी पुलिस को सूचना मिली कि कंझावला रोड, कृष्ण विहार से एक साल का बच्चा सुबह साढ़े 10 बजे से लापता है। यह भी पता चला कि बच्चे को एक महिला लेकर गई है। बच्चे की मां के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना स्थल के आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया। इसके बाद दो महिला नौकरानियों को अरेस्ट किया गया। इनकी निशानदेही पर एक और महिला को पकड़ा गया। इसने खुलासा किया कि बच्चे को अर्पित नाम के शख्स और उसकी पत्नी को 3 लाख 30 हजार में वृन्दावन, मथुरा में बेचा गया था। पुलिस ने दंपति को पकड़ बच्चा बरामद कर लिया। आरोपी अर्पित ने बताया कि उसका यूपी के मुजफ्फरनगर में कूलर बनाने का कारोबार है। उसने प्रेम विवाह किया था। यह अर्पित की दूसरी शादी थी। वे एक बच्चे को गोद लेना चाहते थे लेकिन उन्होंने इस बच्चे को एक रिश्तेदार महिला के माध्यम से खरीदा। एक महिला को 60 व दूसरी को 90 हजार रुपये कमीशन के तौर पर मिले थे।

मालीवाल से मारपीट मामला

हाईकोर्ट ने बिभव कुमार को जमानत देने से किया मना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को जमानत देने से मना कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि वह 'काफी प्रभावी' व्यक्ति हैं और उन्हें राहत देने के लिए कोई उचित आधार नहीं बनता। न्यायाधीश ने कहा कि इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने से वह गवाहों को प्रभावित कर सकता या सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है।

अदालत ने कहा कि आरोपों की प्रकृति और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए इस स्तर पर याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का कोई आधार नहीं बनता। न्यायाधीश ने फैसला दिया कि तदानुसार अर्जी खारिज की जाती है। कुमार इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। उन पर 13 मई को केजरीवाल के आधिकारिक आवास में मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। उन्हें 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के खिलाफ 16 मई को आपराधिक धमकी देने, हमला करने या महिला का वस्त्र हरण करने की मंशा से आपराधिक बल का प्रयोग, गैर इरादतन हत्या की कोशिश सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कुमार ने जमानत देने का अनुरोध करते हुए दावा किया था कि उनके खिलाफ झूठे आरोप है और मामले की जांच पूरी हो गई है, इसलिए उन्हें अब हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है। दिल्ली पुलिस ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें रिहा करने पर जांच प्रभावित हो सकती है। उसने अदालत को बताया कि जांच चल रही है और 16 जुलाई या इससे पहले आरोप पत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

जाफराबाद: 16 वर्षीय लड़के की गोली मारकर हत्या

बड़े भाई के सामने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के जाफराबाद इलाके में गुरुवार रात एक कपड़ों की दुकान के बाहर 16 साल के किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को किशोर के बड़े भाई के सामने अंजाम दिया। दोनों भाई बाजार में खरीदारी करने पहुंचे थे।

पुलिस का कहना है कि हमलावरों की धरपकड़ के लिये वेलकम और कबीर नगर क्षेत्र समेत कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार वारदात गुरुवार रात करीब 9:35 बजे जाफराबाद के मरकजी चौक के पास हुई। लड़के की पीठ में गोली लगी थी। उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीसीपी ने आगे बताया कि कुछ लोग दो स्कूटरों पर सवार होकर बाजार में पहुंचे थे। दुकान के बाहर दोनों भाईयों और उनके दोस्त से वे झगड़ा करने लगे। उन्होंने तीनों युवकों को अपने साथ ले जाने की कोशिश की। युवकों ने इसका विरोध किया तो एक शख्स ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की पड़ताल कर रही है। अभी तक की जांच में पता चला है कि आरोपी पीड़ितों के जानकार थे।

पत्नी पर अश्लील टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या

नई दिल्ली। अमन विहार इलाके में शुक्रवार को चाकू मारकर एक 26 वर्षीय युवक का मर्डर कर दिया गया। मृतक का नाम प्रशांत बताया गया है। वह रमेश एंक्लेव का रहने वाला था। पुलिस की जांच में पता चला कि पड़ोसी देव ने प्रशांत की पत्नी पर अश्लील टिप्पणी कर दी थी। इसका विरोध किया गया तो हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार संजय गांधी अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक को चाकू लगने पर लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमन विहार थाने में धारा 103 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई। जांच के दौरान आरोपी देव (24) को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों पड़ोसी हैं और मृतक की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद उनके बीच बहस और मारपीट हुई थी।

बवाना : फैक्ट्री में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को प्लास्टिक का सामान बनाने वाले एक कारखाने में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में फिलहाल किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे दो मंजिला कारखाने में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल विभाग की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया गया था। अधिकारी ने बताया कि इमारत के भूतल और प्रथम तल पर आग लगी थी।

12 लाख रुपये की धोखाधड़ी में जोधपुर विश्वविद्यालय का पूर्व छात्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर टीम ने शेयर बाजार और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर अच्छे मुनाफे का लालच देकर एक इंजीनियर से करीब 12 लाख रुपये की ठगी के आरोप में जोधपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सुभाष बिश्नोई (24) बताया गया है। बिश्नोई ऑनलाइन मीडिया कंपनी के लिए भी काम करता था। डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि पेशे से इंजीनियर 34 वर्षीय अंकित ने दो जनवरी को साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। अंकित ने पुलिस को बताया कि पिछले साल 31 अक्टूबर को उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर बाजार और क्रिप्टोकरेंसी में ऑनलाइन निवेश कर कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का ऑफर मिला था। उन्होंने इसमें दिलचस्पी दिखाई तो शुरुआत में 10 हजार रुपये निवेश करने की सलाह दी गई। कुछ दिनों बाद उसे 15 हजार लौटा दिये गये। अंकित ने फिर 15 हजार रुपये निवेश किये, जिसके बदले उन्हें 20 हजार रुपये प्राप्त हुए। जब उनका भरोसा बन गया तो जालसाज की सलाह पर उन्होंने तीन दिन के अंदर 11.93 लाख रुपये निवेश कर दिए, लेकिन इस बार उसे कुछ नहीं मिला। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। ठगी गई पूरी रकम चार अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराई गई थी। जोधपुर के एक निजी बैंक में भी नौ लाख रुपये जमा कराये गये थे। जालसाज ने यह रकम अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर करने के बाद निकाल ली थी। आखिर में बिश्नोई को पकड़ लिया गया। बिश्नोई जोधपुर विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री धारक है और एक ऑनलाइन मीडिया कंपनी में काम करता था।

हत्या का आरोपी छह साल बाद बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने जामा मस्जिद इलाके में हुई हत्या के मामले में छह साल से फरार आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। पुलिस को छह मामलों में इसकी तलाश थी। इसमें मर्डर, एनडीपीएस एक्ट, दंगा और चोरी के मामले शामिल हैं। बाद में कोर्ट ने भी इसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी का नाम मोहम्मद इरशाद बताया गया है। यह बिहार के अररिया का रहने वाला है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि जुलाई 2018 में जामा मस्जिद के मीना बाजार के पास हुए झगड़े में एक शख्स घायल हो गया था। उस केस में कई लोग गिरफ्तार हुए थे। बाद में शिकायतकर्ता अजीज पर आरोपियों ने दवाब बनाया गया कि वह केस वापस ले लें। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इसके बाद 20 दिसंबर 2018 को रात के समय जब अजीज अपने घर जा रहा था, तो उसकी हत्या कर दी गई थी। जामा मस्जिद थाने में मामला दर्ज किया गया था। केस में इरशाद की पुलिस को तलाश थी। एक टीम को आरोपी के बारे में इनपुट मिला था। इसके बाद टीम ने इसे बिहार से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली। केस में पहले पुलिस इरशाद की पत्नी और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन उस समय भी यह पुलिस से बच निकला था। इरशाद लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था।

गुमशुदा की तलाश

रजनी

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह लड़की (फोटो में दर्शाई गई है) जिसका **नामः रजनी, पुत्रीः रामभरोसे, निवासीः मकान नंबर 461, गली न. 7, भोला नाथ नगर, दिल्ली से 02.07.2024 को** अपने घर से लापता/अपहृत हो गई है। इस संबंध में **डीडी नंबर 43A दिनांक 03.07.2024** के तहत **थाना फर्श बाजार, दिल्ली** में मामला दर्ज किया गया।

उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः-

लिंगः लड़की, **उम्रः** 21 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** गोरा, **पहनावाः** क्रीम रंग का फ्रॉक सूट और काले रंग का पायजामा और पैर में चप्पल।

स्थानीय पुलिस द्वारा लापता लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है।

यदि किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना फर्श बाजार, दिल्ली
फोन नं. 7669500824, 7065036028

DP/9045/SHD/2024

मिलेनियम डिप्लोमैट्स प्राइवेट लिमिटेड

डिप्लोमैट्स गोल्फ लिंक, सेक्टर–110, गुरूग्राम, हरियाणा।
लाइसेंस संख्याः 100/2019 / हरेरा नंबरः 33/2021, दिनांक 10.08.2021

सूचना

अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट सेक्टर–110, गुरूग्राम हरियाणा के सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सफल आवेदकों/ आवंटियों ने अपने आंवटित फ्लैट की आवंटन राशि का भुगतान नियम विधि तक नहीं किया है, जिसकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट व ईमेल के माध्यम से दी जा चुकी है। अतः निम्नलिखित आवेदकों/ आवंटियों को इस समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपनी आवंटन राशि/किस्त राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से अगले 15 दिन के अंदर कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द माना जायेगा व जो फ्लैट इनको आवंटित थे उनको रद्द कर पुनः आवंटन की प्रक्रिया के लिए नियमानुसार (हरियाणा अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013) अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

S.No	Ap.No.	APPLICANT NAME	Unit No.	BBA
1	69098	DEEPIKA TYAGI	T4-1406	16.08.2023
2	18482	PARDEEP SHARMA	T5-501	Not Executed
3	19766	ROHIT SOLANKI	T3-1602	05.09.2022
4	18864	DHARAMVIR SOLANKI	T10-2206	05.09.2022
5	41925	ISHAAN MALIK	T7-601	Not Executed
6	41950	SUMITA MALIK	T7-102	Not Executed
7	43226	NEENU SHARMA	T1-304	01.03.2023
8	20047	KIRTI SINGH	T10-301	25.04.2022
9	20043	SANYA SINGH	T5-1	25.04.2022
10	19906	RACHIT SHARMA	T8-1605	21.04.2022
11	22507	NEERJA YADAV	T7-703	12.07.2022
12	20102	KULBIR SINGH AHLAWAT	T6-606	Not Executed
13	18875	NASEERUL HASAN KHAN	T8-1403	26.04.2022
14	22822	SWETA KUMARI	T3-1603	25.01.2024
15	18744	RAKESH KHANNA	T10-501	Not Executed
16	40073	RITESH KUMAR JHA	T5-906	01.09.2022

कॉर्पोरेट ऑफिसः 258, दूसरा तल, जेएमडी मेगापोलिस, सेक्टर–48, सोहना रोड़, गुरूग्राम, हरियाणा – 122018
फोनः 0124–4037506, ईमेलः crm@millenniumdiplomats.com

रिज वन क्षेत्र में वन कटाई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-याचिकाकर्ता को परेशान न करें दिल्ली पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से कहा कि वह राजधानी निवासी उस महिला को परेशान नहीं करे जिसने रिज वन क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ मानहानि याचिका दायर की है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि हम सभी प्राधिकारियों को स्पष्ट करते हैं कि कोई भी याचिकाकर्ता को केवल इसलिए परेशान करने का प्रयास नहीं करेगा कि उसने अवमानना याचिका दायर की और वह उच्चतम न्यायालय के आदेशों के उल्लंघन को इस अदालत के संज्ञान में लायी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत को सूचित किया था कि शहर के पुलिस अधिकारी अन्य याचिकाकर्ता 'नई दिल्ली नेचर सोसाइटी' के संबंध में भी पूछताछ कर रहे हैं। शंकरनारायणन ने दावा किया था कि पुलिस ने उनके बैंक से भी संपर्क किया है और उनके खातों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। पीठ ने शंकरनारायणन की दलील पर गौर किया और मामले में नोटिस जारी किया। बिंदु कपूरिया ने अपनी अवमानना याचिका में आरोप लगाया है कि चार मार्च के शीर्ष अदालत के उस आदेश के बावजूद पेड़ काटे गए जिसमें इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था और पेड़ों की कटाई के बारे में तथ्य अदालत से छिपाया गया था।

डीडीए ने माना, एलजी के निर्देश पर ही रिज एरिया में अवैध रूप से काटे गए पेड़ : दिल्ली सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर ही दिल्ली के रिज क्षेत्र में अवैध रूप से 1100 पेड़ काटे गए थे। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा है कि यह बात डीडीए द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कही गई है। इसमें कहा गया है कि 3 फरवरी को एलजी वहां गए थे और उन्हीं के निर्देश पर पेड़ काटे गए। वहीं, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट कर कहा कि एलजी के पास दिल्ली सरकार के सभी नौकरशाहों पर कंट्रोल है। अफसरों ने पेड़ काटने में उनकी भूमिका पर पर्दा डालने की पूरी कोशिश की, लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि रिज क्षेत्र में पेड़ काटने की अनुमति उसके अलावा कोई सरकार या एलजी नहीं दे सकते। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अफसरों को नोटिस देकर पूछने का निर्देश दिया है कि क्या उन्होंने एलजी को बताया था कि वो पेड़ काटने की अनुमति नहीं दे सकते? अब अफसरों को यह बताना होगा कि उन्होंने एलजी को उनके अधिकार के बारे में बताया था या नहीं।

हरियाणा सरकार

LiFE Lifestyle for Environment

"पूरा विश्व इस बात की प्रशंसा कर रहा है कि हमारा देश किस तरह पर्यावरण को बचाते हुए विकास को गति दे रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी

एक पेड़ माँ के नाम

75वें वन महोत्सव

के अवसर पर सभी हरियाणावासियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

इस वर्ष 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न शहरों के आस-पास हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मियावाकी वन विकसित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, हरियाणा में इस वर्ष 1.60 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता
श्री संजय सिंह
राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव (स्व.प्र.), हरियाणा

दिनांक – 13 जुलाई, 2024 । समय – प्रातः 11 बजे
स्थान – ऑक्सीवन, ओल्ड बादशाही नहर, सेक्टर-37, करनाल

वन महोत्सव पर संदेश पढ़ने हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

वन एवं वन्य प्राणी विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

खबर संक्षेप

पत्नी ने प्रेमी से कराई थी पति की हत्या,खुलासा

फरीदाबाद। पल्ला इलाके में सवा महीने पहले एक व्यक्ति की पत्थर से सिर में चोट मार कर की गई हत्या की वारदात से पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। व्यक्ति की पत्नी के एक अन्य व्यक्ति से नाजायज संबंध थे। इसी के चलते उसने अपने प्रेमी से पति की हत्या करा दी। पुलिस ने बहराइच यूपी के प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इसकी प्रेमिका की भी गिरफ्तारी करेगी।

हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से मौत

गुरुग्राम । सेक्टर-9ए के भवानी एंक्लेव में एक महिला की हाई वोल्टेज बिजली की तारों से करंट लगने से मौत हो गई। महिला के घर पर उनकी बेटी के रिश्ते की बात चल रही थी। जिसको देखने के लिए लडक़े के परिजन आने थे। जिसके चलते वह छत पर सफाई कर रही थी। महिला को करंट लगते ही आस पास के इलाके में हडक़ंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बोतल मारकर भांजे को किया लहूलुहान

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-2 एरिया में कटहल की सब्जी बनाने को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भांजा के सिर में बोतल मारकर लहूलुहान कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अरावली को बचाने के लिए उठाया बड़ा कदम

पर्यावरणविद् चेतन अग्रवाल व पूर्व सैनिक सतिंदर दुग्गल ने बताया कि 2005 में नेशनल कन्वज़र्वेशन जोन 2021 के रीजनल प्लान को प्रधानमंत्री कार्यालय में गृह मंत्री की अध्यक्षता में गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अरावली के बचाव के लिए 2041 के रीजनल प्लान में बरकरार रखने व उसनें किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने से मना कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्र सरकार द्वारा अरावली को बचाने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। पर्यावरणविद् चेतन अग्रवाल व पूर्व सैनिक सतिंदर दुग्गल ने बताया कि 2005 में नेशनल कन्वज़र्वेशन जोन 2021 के रीजनल प्लान को प्रधानमंत्री कार्यालय में गृह मंत्री की अध्यक्षता में गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अरावली के बचाव के लिए 2041 के रीजनल प्लान में बरकरार रखने व उसनें किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने से मना कर दिया है। आसान शब्दों में यह कहा जा सकता है कि 2041 के लिए बनाए रीजनल प्लान में एक तरह से पूरे अरावली को ही समाप्त कर उसमें सीएलयू (लैंड यूज़ कन्वर्शन) लाइसेंस व कंस्ट्रक्शन का रास्ता खोल दिया था, यानी 2041 तक अरावली का अस्तित्व समाप्त करने का प्रपोजल पास हो गया था जिसमें गुरुग्राम व फरीदाबाद में सबसे ज़्यादा नुकसान फरीदाबाद में स्थित बड़खल से सूरजकुण्ड तक की अरावली रेंज को होता, लेकिन अब प्रधानमंत्री कार्यालय में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने उस प्रपोजल को सिरे से खारिज कर दिया है।

निर्णय से एनसीआर के लोगों ने राहत की सांस ली

फरीदाबाद में आम लोगों ने 50 से 52 डिग्री तापमान तक की गर्मी को सहन किया व अकारण सी दिखने वाली कोरोना काल की तरह से मौतें देखी व जिसके कारण स्वर्ग आश्रमों में जगह भी कम पड़ी। केंद्र सरकार की पहल को देखते हुए फरीदाबाद सहित एनसीआर के लोगों ने राहत की सांस ली है।

गंतव्य तक पहुंचने के लिए फरीदाबाद जिला के 3 मार्गों का चयन

कांवड़ यात्रा के संबंध में पुलिस ने लिया रूट का जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पैदल चलने वाले कावड़ यात्रियों का कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड रहेगा मुख्य मार्ग। डीसीपी ट्रैफिक ने रूट के निरिक्षण के बाद यातायात के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

20 जुलाई से 2 अगस्त तक प्रस्तावित कावड़ यात्रा के संबंध में फरीदाबाद द्वारा रूट का निरीक्षण किया गया है तथा यातायात के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देकर कावड़ यात्रियों का रूट निर्धारित किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कावड़ यात्रियों द्वारा अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए फरीदाबाद जिला के 3 मार्गों का प्रयोग किया जाता है। मार्ग नं.1 कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड, मार्ग नंबर 2 बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से प्रवेश करने के बाद आउटर बाईपास रोड फरीदाबाद तथा मार्ग नंबर 3 बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से प्रवेश करने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग है। मार्ग नं. 1 कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड मुख्य मार्ग चिन्हित किया गया है।

खास बातें

- शिविरों में पर्याप्त व्यवस्था की गई
- अतिक्रमण हटाकर रास्ता साफ करवाने के निर्देश
- पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

क्रॉसिंग के लिए पॉइंट चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने के दिए निर्देश

बताया कि डीसीपी ट्रैफिक उषा द्वारा कावड़ यात्रियों के मार्ग के निरीक्षण के दौरान मार्ग पर लगने वाले शिविरों में पर्याप्त व्यवस्था करने, मार्ग पर गड्ढों को भरने व जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करके इसे दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए।

कावड़ यात्रा के मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और रास्ते से अतिक्रमण को हटवाकर रास्ता साफ करवाने बारे भी कहा गया है। आमजन व कावड़ियों की क्रॉसिंग करवाने के लिए पॉइंट चिन्हित करके आवश्यक बैरिकेडिंग करने बारे यातयात प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि कावड़ यात्रा के मार्ग पर कोई भी बिजली की नंगी तार न लटकी हो, रास्ते के दोनों तरफ की झाड़ियों को साफ करवाकर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो तथा मार्ग पर पड़ने वाली मीट की दुकानों को यात्रा के दौरान बंद या स्थानांतरित करवाया जाए।

डीसीपी ट्रैफिक उषा ने अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक ध्यान दें और अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए अपना मार्ग चुने और फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

अवैध गांजा सहित पुलिस ने 4 को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना क्राइम ब्रांच ने राजस्थान से लाई गई अवैध गांजा की खेप सहित चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपी 9 लाख 70 हजार रुपए में यह गांजा राजस्थान से खरीदकर लाए थे और इसे सप्लाई के लिए फरीदाबाद ले जा रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों से 2 कार व 97 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर केस दर्ज कर लिया। दरअसल, सोहना क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि राजस्थान से लाई गई अवैध गांजा की खेप सप्लाई के लिए फरीदाबाद ले जाई जा रही है। आरोपियों की पहचान फरीदाबाद के अनिल शर्मा, नूंह के साहिल व अनीश तथा यूपी के मथुरा निवासी जुबेर के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से दो कार व 97 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर सोहना शहर थाना में केस दर्ज किया है।

आरोपियों ने बताया कि वे गांजा राजस्थान से 9 लाख 70 हजार रुपए में खरीदकर भारी मुनाफे के साथ फरीदाबाद में सप्लाई करते है। आरोपियों ने आई-20 कार में गांजा रखा था, वहीं दूसरी स्विफ्ट कार निगरानी करते हुए इसके आगे चल रही थी।

आरोपी अनिल पर फरीदाबाद, दिल्ली में मादक पदार्थ रखने/बेचने व सप्लाई करने के संबंध में चार केस पहले भी दर्ज हैं।

सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली- 110092, Phone: +011-22731509
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

सार्वजनिक सूचना-40वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम)

कम्पनी के सदस्यों की 40वीं एजीएम शुक्रवार, 09 अगस्त 2024 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी) ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092 में, एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज के लिये आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना ग्रीन इनिशिएटीव मेजर के भाग के रूप में उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं और शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी उपलब्ध नहीं है, हेतु, इसकी भौतिक प्रतियां अनुमत्य मोड में उनके पंजीकृत पते पर प्रेषित की जा रही हैं।

यदि आपका ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास पहले से ही पंजीकृत है, वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे। यदि आप कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिये अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिये कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।

फिजिकल होल्डिंग	ई-मेल पता पंजीकरण करवाने के लिये फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन्ड प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति) प्रदान करते हुये कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट्स, मै. एड्रॉइट कार्पोरेट सर्विसेज प्रा. लि. को info@adroitcorporate.com पर एक आग्रह भेजें। **कृपया इसको शुक्रवार, 02 अगस्त 2024 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।**
डिमैट होल्डिंग	कृपया आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से सम्पर्क करें और डीपी द्वारा परामर्श की गई प्रक्रिया के अनुरूप अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें। **कृपया इसको शुक्रवार, 02 अगस्त 2024 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।**

वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध होगी और एजीएम की सूचना स्टॉक एक्सचेंजेज जिन पर कम्पनी की सिक्योरिटीज लिस्टेड हैं, की वेबसाइट्स अर्थात www.msei.in पर भी उपलब्ध होगी।

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
(डीआईएन : 07526355)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 12.07.2024

खिंदौड़ा कांड: आरोपियों को असलाह उपलब्ध कराने व मुखबिरी करने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

निवाड़ी थानाक्षेत्र के खिंदौड़ा गांव के जंगल में बाग में पानी चलाने का लेकर हुए दो पक्षों के विवाद के बाद पिता व पुत्र की हत्या करने वाले आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने व मुखबिरी करने वाले आसिफ को स्वाट टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि आरोपी आसिफ ने सुधीर त्यागी पक्ष को दो पिस्टल उपलब्ध कराई थीं और पप्पू व उसके बेटों की बाइक पर आने की सूचना भी दी थी। उसने सुधीर त्यागी पक्ष की इस विवाद में मदद की थी। वारदात से पहले दो पिस्टल सुधीर के बेटे मोहित उर्फ बादशाह को उपलब्ध कराने के साथ ही आसिफ ने पप्पू की अपने बेटों के साथ बाइक पर जाने की सूचना दी थी। सूचना के आधार पर सुधीर पक्ष ने उनका रास्ता घेर लिया और फिर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर पप्पू व उसके एक बेटे को मौत के घाट उतार दिया था। पप्पू का दूसरा बेटा चांद गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

21 जून को हुआ था विवाद

उन्होंने बताया कि मेरठ के जॉनी थानाक्षेत्र निवासी पप्पू कुरैशी ने खिंदौड़ा गांव निवासी वेदप्रकाश त्यागी का बाग ठेके पर लिया था। 21 जून की शाम पप्पू कुरैशी अपने दो बेटों शाहनवाज उर्फ राजा और चांद के साथ रजवाहे से पानी दे रहा था। उनका पड़ोस वाले बाग के मालिक सुधीर त्यागी से विवाद हो गया था। देर रात जब पप्पू अपने दोनों बेटों के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था तो सुधीर त्यागी पक्ष के लोगों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। राजा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गोलियां लगने के बाद चांद भाग निकला। उसे गंभीर हालत में मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पप्पू का शव 22 जून की सुबह रजवाहे से मिला था। मामले में 22 जून की सुबह बिलाल की तहरीर पर निवाड़ी थाने में एफआइआर दर्ज की गई थी। उसी दिन मामले में नामजद सुधीर त्यागी, सुधीर त्यागी के बेटे बिट्टू और दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब पुलिस ने मामले में फरार 50 हजार के दूसरे ईनामी आसिफ निवासी खिंदौड़ा को गिरफ्तार किया है।

संपत्ति विवाद में युवक ने दो सगे साढूओं की गोलियों से भूनकर कर दी हत्या

गाजियाबाद। थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक युवक ने अपने सगे साढ़ू व एक अन्य रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्याकांड की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में हत्या का कारण घरेलू विवाद लग रहा है। पुलिस ने आरोपी व उसके अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (नगर) कुंवर जज्ञानजंय सिंह ने बताया कि देर रात घरेलू विवाद के चलते विकास के सगे साढ़ू अनुज चौधरी व उसके साथी कुलदीप ने विकास और उसके साढ़ू तेजवीर को गोलियों से भून डाला। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

नगर निगम ने लगाई फिजूलखर्ची पर रोक

कुर्सी पर न हों तो एसी, पंखा, कूलर बंद रखें, वरना लगेगी वेतन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर तौलिया कल्चर पर रोक लगा दी गई है। साथ ही कार्य पटल पर फिजूल में एसी, पंखा, कूलर चलते मिला तो संबंधित अधिकारी के वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। यह व्यवस्था नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने लागू कर दी। इसका उद्देश्य फिजूलखर्ची पर रोक लगाना है।

नगर आयुक्त कार्य स्थलों का लिया जायजा: नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी विभागीय अधिकारियों के कार्य स्थलों का जायजा लिया गया। उन्होंने बाबुओं की कार्य शैली को देखा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने प्रभारी नजारत को कुर्सियों पर तौलिया लगाने की प्रथा को बंद करने के निर्देश दिए।

लेखाधिकारी को फाइलों पर बेहतर कार्यवाही करने के निर्देश

प्रथम तल से लेकर पंचम तल तक नगर आयुक्त ने औचक निरिक्षण किया। लेखा विभाग का विशेष रूप से जायजा लिया, जिसमें फाइलों के रखरखाव को लेकर नगर आयुक्त द्वारा लेखाधिकारी डॉ. गीता कुमारी को फाइलों का रखरखाव और बेहतर करने के लिए क। खाली कमरे में एसी चलता देखकर नगर आयुक्त सख्त हुए। कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारियों की भी हाजरी सुनिश्चित करने के लिए सभी के कार्य स्थल पर पहुंचे। फिजूल में लाइट पंखा कूलर चलते मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए वेतन काटने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।नगर आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को पटलों पर लाइट और पानी की बर्बादी न हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसी के साथ शौचालय की व्यवस्था तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए कहा गया मौके पर डॉ. अनुज प्रभारी नजारत भी उपस्थित रहे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	हरियाणा भवन, नई दिल्ली में कैंटीन उपकरण, फर्नीचर की विशेष मरम्मत और ग्रेनाइट कार्य।	बंद होने की तिथि 17.07.2024	26.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
2	पंचायती राज करनाल	वीएएनजीवाई स्कीम 2023-24 के तहत गांव बैरसाल, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में राम गढ़िया चौपाल में चारदिवारी को पूरा करना + 5 कार्य।	10.07.2024 17.07.2024	37.03 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
3	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह	एसएचकेएमजीएमसी नल्हार नूह में स्टेशनरी मदों-III हेतु निविदा।	बंद होने की तिथि 24.07.2024	10000/-	https://etenders.hry.nic.in	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com
4	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह	एसएचकेएमजीएमसी नल्हार नूह में स्टेशनरी मद-IV हेतु निविदा।	बंद होने की तिथि 24.07.2024	10000/-	https://etenders.hry.nic.in	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com
5	पंचायती राज पानीपत	कार्य का नाम - स्कीम शिवधाम के तहत गांव चुलकाना, ब्लॉक समालखा, जिला पानीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य।	10.07.2024 16.07.2024	105.45 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in
6	पंचायती राज फरीदाबाद	गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण।	10.07.2024 16.07.2024	9.96 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in
7	पंचायती राज फरीदाबाद	गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में दानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (डी. प्लान) सामान्य + 1 कार्य।	10.07.2024 16.07.2024	36.59 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in
8	पंचायती राज सोनीपत	गांव उदेशीपुर, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट से बीपीएल प्लॉट बस्ती तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 18.07.2024	250.67 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
9	पंचायती राज सोनीपत	गांव एसपी माजरा ब्लॉक गोहाना में बीरबादा तालाब से जुगती राम बैरागी के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 15.07.2024	50.71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
10	पंचायती राज सोनीपत	गांव गढवाल में बिरस्थॉ पाना चौपाल का निर्माण (वीएजीवाई) + 25 कार्य।	बंद होने की तिथि 15.07.2024	387.14 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
11	पंचायती राज हिसार	मोहला, हांसी2, फिरनी की पेवमेंट + 17 कार्य।	10.07.2024 19.07.2024	1087.89 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
12	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	गांव डांडमा में लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण कार्य।	09.07.2024 16.07.2024	11.07 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com
13	लोनिवि भ व प चण्डीगढ़	निर्माण सदन बिल्डिंग, सेक्टर-33, चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयरकंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)।	11.07.2024 18.07.2024	23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in
14	लोनिवि भ व प नारनौल	महेन्द्रगढ़ जिले में निजामपुर-नारनौल-महेन्द्रगढ़-दादरी रोड कि.मी. 0 से 13.88 (एच.एस. 17) (रोड आईडी 2620) तक रोड की विशेष मरम्मत।	10.07.2024 23.07.2024	802.36 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in
15	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	26.25 - गांव गोच्छी, ब्लॉक बेरी में गोरक नाथ धाम में हॉल का निर्माण।	09.07.2024 17.07.2024	22.41 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
16	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	गांव बाढड़ा में मेन लोहारु रोड से करीशन सोनी के मकान तक सीसी बेस पर आईपीबी गली का निर्माण कार्य।	09.07.2024 16.07.2024	20.57 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
17	पंचायती राज बोंद कलां, झज्जर	गांव मिसरी में एससी चौपाल (जैडपी) में हॉल का निर्माण + 1 कार्य।	09.07.2024 16.07.2024	17.02 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com
18	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं हस्पताल, करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में किचन और डाइटरी सर्विसेज के प्रावधान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में।	15.07.2024 30.07.2024	3 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416484103 director.kcghc-hry@gov.in
19	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं हस्पताल, करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में ग्रुप मेडिकल गैसेज की आपूर्ति हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में।	16.07.2024 01.08.2024	50000/-	https://etenders.hry.nic.in	9416484103 director.kcghc-hry@gov.in
20	लोनिवि भ व प हिसार	जीसी हांसी में रीडिंग रूम सहित लाइब्रेरी का विस्तार और टीचिंग ब्लॉक का निर्माण (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, एलएएन और ईपीएबीएक्स सिस्टम, ऑनलाइन यूपीएस और स्मार्ट क्लास रूम का प्रावधान केवल)।	11.07.2024 18.07.2024	ईएमडी 70376/-	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/400/27782/I/88/7 दि. 12.07.24

केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर आप, भाजपा और कांग्रेस आमने सामने

भाजपा की 'साजिश' का हुआ पर्दाफाश : आप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का शुक्रवार को स्वागत किया। पार्टी ने कहा कि फैसले ने केजरीवाल के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। हालांकि, 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल जमानत मिलने के बावजूद अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बाद में उन्हें कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कर लिया था। 'आप' नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज और संदीप पाठक ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शीर्ष अदालत के फैसले को सच की जीत करार दिया। इससे पहले, 'आप' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर तिरंगा थामे केजरीवाल की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, सत्यमेव जयते। आतिशी ने दावा किया कि भाजपा को पता था कि केजरीवाल को कथित शराब घोटाले से जुड़े ईडी के धन शोधन मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल जाएगी, इसलिए उसने उन्हें सीबीआई से गिरफ्तार करवा दिया। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ईमानदार थे, ईमानदार हैं और ईमानदार रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर अदालत ने केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की साजिश का पर्दाफाश किया है। राज्यसभा सदस्य पाठक ने शीर्ष अदालत के फैसले को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी नीति घोटाला मामला भाजपा का एक सर्कस था। भारद्वाज ने कहा कि 'आप' को उम्मीद है कि केजरीवाल को कथित शराब घोटाले में सीबीआई की ओर से दायर मामले में भी जमानत मिल जाएगी।

न्यायालय से केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत 'आप' की जीत नहीं : भाजपा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत आम आदमी पार्टी (आप) की जीत नहीं है क्योंकि आदलत ने आबकारी नीति मामले में उनके दोषी होने को लेकर अपनी 'मंजूरी की मुहर' लगा दी है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक ने जमानत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया था बल्कि सुनवाई इस मुद्दे पर हो रही थी कि उनकी गिरफ्तारी गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने उनके अनुरोध पर कोई राहत नहीं दी है बल्कि उसने पाया कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के पास पीएमएलए की धारा-19 के तहत पर्याप्त सबूत है कि आरोपी प्रथमदृष्टया दोषी है। यह उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूरी की लगाई गई मुहर है।

भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपस में है मिलीभगत : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस का रुख बिल्कुल स्पष्ट है कि निर्दोष को जमानत मिलनी चाहिए और दोषी को जेल में रहना चाहिए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शराब नीति पर मनी लॉनड्रिंग मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका पर कार्यवाही के लिए सुप्रीम कोर्ट की बडी बेंच पर भेजा गया है। दिल्ली कांग्रेस केजरीवाल की जमानत याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय की बड़ी पीठ के अंतिम फैसले का इंतजार करेगी। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपस में मिलीभगत है क्योंकि जब एक भ्रष्टाचार करता है तो दूसरा चुप रहता है। उन्होंने कहा कि हम जनता की आवाज को उठाते रहेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमने हमेशा जनता की आवाज बनकर दोषियों के खिलाफ आंदोलन किया है। जबकि भाजपा और आम आदमी पार्टी हमेशा एक दूसरे के खिलाफ नूरा कुश्ती करती दिखाई देती है।

खबर संक्षेप

डेंगू से निपटने के लिए पहले से ही तैयार रहने की आवश्यकता : महापौर

नई दिल्ली। बरसात में डेंगू, मलेरिया और चिकुनगुनिया के मामले बढ़ जाते है और इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही तैयार रहने की आवश्यकता है। दिल्ली के लोगों का स्वास्थ्य हमारे हाथ में है और यह एक बड़ी जिम्मेदारी है जिसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए निगम मुख्यालय में उनकी अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में यह बातें कही।

राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में एबीवीपी ने किया संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को दिल्ली के द्वारका स्थित एक स्कूल में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में 'राष्ट्र के पुनर्निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी अभिषेक वशिष्ठ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव अपराजिता एवं एक स्कूल के प्रधानाचार्य वी पी टंडन उपस्थित रहे। आईपीएस अधिकारी अभिषेक वशिष्ठ ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, युवा किसी भी देश की ताकत होते हैं। इनकी ताकत एवं सोच देश के कायाकल्प करने की क्षमता रखते हैं। हमें राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं को आगे लाना पड़ेगा तथा हर क्षेत्र में युवाओं की भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रेरित करना पड़ेगा।

एडवांस में बिजली खरीदी गई होती तो कोई पीपीएसी ना लगाना पड़ता : सचदेवा

दिल्ली सचिवालय के बाहर पीपीएसी के बढ़े शुल्क को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय के समीप भाजपा नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ बढ़ी हुई बिजली के पॉवर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) शुल्क को लेकर केजरीवाल सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया और इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। यहां सचदेवा ने दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि यदि समय पर एडवांस में बिजली खरीदी गई होती तो कोई पीपीएसी ना लगाना पड़ता। दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी जवाब दें कि पीपीएसी 1.5 प्रतिशत से 46 प्रतिशत तक ले आये कभी वापस क्यों नहीं हुआ और जब बिजली सस्ती होती है तो वापस क्यों नहीं लेते। इस दौरान सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि बिजली को लेकर भी केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता पर सीधे डाका डाला है। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि केजरीवाल ने मुफ्त बिजली का झांसा देकर दिल्ली की जनता को धोखा दिया है लेकिन भाजपा इस धोखेबाज सरकार को नहीं छोड़ेगी।

इस विरोध प्रदर्शन में दिल्ली की आरडब्लूए प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता अपने घरों से बिजली बिल लेकर आए और उन्हे सामूहिक रूप से जला कर केजरीवाल सरकार के खिलाफ इस मुहिम से जुड़े।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लगाये बैरिगेट्स को प्रदर्शनकारी तोड़कर आईटीओ की ओर बढ़े इस बीच दूसरे बैरिगेट्स के पास पुलिस ने अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को डिटेन कर आईपी स्टेट थाने ले गई जहां से कुछ समय बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया। सांसद योगेंद्र चंदोलिया के संचालन में हुए विरोध प्रदर्शन में सांसद कमलजीत सहरावत, महामंत्री विष्णु मित्तल, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, प्रवीण शंकर कपूर, विनोद सहरावत, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा कि अगस्त 2014 से सितम्बर 2015 तक दिल्ली में बिजली बिलों में पीपीएसी नहीं लगा लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार ने फिर से पीपीएसी लागू किया। पावर डिस्कॉम बार-बार बिजली दरों को बढ़ाने की मांग करती थी। राजनीतिक लाभ के लिए केजरीवाल ने कभी बिजली के प्रति यूनिट रेट नहीं बढ़ने दिये पर पीपीएसी जो 2015 में मात्र 1.7 प्रतिशत था को आज 37 प्रतिशत तक लागू कर दिया और अब बीएसईएस राजधानी के प्रस्तावित 8.75 के लागू होते ही लगभग 46 हो जायेगा।

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ड्राइंग प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियों का हुआ आयोजन

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो ने राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन नेशनल बुक ट्रस्ट ने डीएमआरसी के सहयोग से किया है। डीएमआरसी प्रशासन ने शुकवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि राजीव चौक दर्शक दीर्घा में लगाई गई प्रदर्शनी में कारगिल युद्ध में परमवीर चक्र, महावीर चक्र और अन्य वीरता पुरस्कार विजेताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। यह 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस तक प्रदर्शित रहेगी। नेशनल बुक ट्रस्ट डीएमआरसी के सहयोग से इस विशेष अवसर को मनाने के लिए बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियों का आयोजन कर रहा है।

उपराज्यपाल ने एनडीएमसी कर्मियों को पदोन्नति और वित्तीय लाभ के सौंपे पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एनडीएमसी की कुशल और समर्पित टीम दिन रात रहती है सेवा को तैयार : सक्सेना

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के पास लगभग 12 हजार कर्मियों की एक कुशल और समर्पित टीम है, जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत फील्ड वर्कर हैं, जो दिन-रात विभिन्न शिफ्टों में 24 घंटे और सप्ताह में सातों दिन इस क्षेत्र की सेवा के लिए तैयार हैं और जी-20 में हम सबने यह देखा है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री की 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत एनडीएमसी के कर्मियों को पदोन्नति पत्र और वित्तीय लाभ पत्र वितरित करने के दौरान यह संबोधन दिया। एनडीएमसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विशेष अभियान से एनडीएमसी के 9652 कर्मियों को वित्तीय लाभ मिला है। उपराज्यपाल सक्सेना ने उम्मीद जताई कि इस त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप कर्मियों को मिलने वाले वित्तीय लाभ से न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को राहत के साथ सुखद अनुभूति होगी, अब वे प्राप्त धनराशि को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार खर्च या निवेश कर सकेंगे। उन्होने बताया कि यह विकास मई, 2023 में एनडीएमसी के 4400 संविदा कर्मियों को नियमित करने के बाद हुआ है, जो प्रधानमंत्री के अमृत काल में हर हाथ को सम्मान के साथ काम और भविष्य की सुरक्षा के सपने को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम था। यहां सक्सेना ने इस कार्य को पूरा करने वाली टीम के प्रत्येक सदस्य के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। यह विशेष अभियान सरकारी कर्मियों को बेहतर कार्य स्थितियां प्रदान करने और उनके समय पर करियर की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए उपराज्यपाल की प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों के अनुरूप है। यह अभ्यास प्रधानमंत्री की 100 दिवसीय कार्य योजना के एक भाग के रूप में भी किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी के अध्यक्ष नरेश कुमार, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

यह खुशी और आनंद का दिन है : बांसुरी स्वराज

इस अवसर पर नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह खुशी और आनंद का दिन है क्योंकि कर्मियों के वर्षों से लंबित और प्रतीक्षित वित्तीय लाभ के मामले अब हल हो गए हैं। यह लाभ दिवाली के त्योहार के उपहार की तरह है। मुझे उम्मीद है कि लाभ पाने वाले सभी कर्मचारी अपनी जरूरतों को पूरा करने और परिवार के साथ जीवन का आनंद लेने में अब खुश होंगे। इस कार्य के लिए गठित विशेष टीम के सभी सदस्य, कर्मचारी और अधिकारी इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा के पात्र हैं।

बवाना के प्रभावित इलाकों से निकाला गया पानी

मुनक नहर के तटबंध की मरम्मत का कार्य जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुनक नहर के तटबंध का मरम्मत कार्य अधिकारियों की निगरानी में जारी है और बाहरी दिल्ली के बवाना के प्रभावित इलाकों से पानी निकाल दिया गया है। स्थानीय निवासियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हरियाणा से दिल्ली में आने वाली मुनक नहर की एक छोटी नहर के तटबंध में बुधवार देर रात दरार आ गई थी, जिसके कारण बवाना के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई। एक स्थानीय निवास गोपाल ने कहा कि कॉलोनियों से पानी निकाल दिया गया है और अधिकारियों की मौजूदगी में मरम्मत का काम जारी है। मुनक नहर से निकलने वाली छोटी नहर (कैरियर लाइन चैनल-सीएलसी) का तटबंध बुधवार रात 12 बजे से दो बजे के बीच टूट गया। जल मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को घटनास्थल से ऑनलाइन माध्यम के जरिए बताया कि तटबंध के टूटने से मुनक नहर का पानी बवाना के कई इलाकों में घुस गया। मंत्री ने कहा कि इसके कारण द्वारका, हैदरपुर, बवाना और नांगलोई में जल शोधन सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा था कि बवाना, नांगलोई और हैदरपुर संयंत्रों में शोधन बृहस्पतिवार शाम तक सामान्य हो जाएगा, लेकिन द्वारका संयंत्र शुक्रवार शाम तक प्रभावित रहेगा क्योंकि यह जलापूर्ति के लिए पूर्ण रूप से सीएलसी पर निर्भर है। आतिशी ने कहा कि तटबंध की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हम हरियाणा के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। सीएलसी तटबंध में दरार की सूचना मिलने के बाद, ककरोई से इसमें छोड़े गए पानी के प्रवाह को मुनक नहर की दूसरी छोटी नहर की तरफ मोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न एजेंसियां पंप के जरिए जलजमाव वाले क्षेत्रों से पानी निकालने में जुटी हैं।

प्रभावित लोगों को दवाइयाँ प्रदान करती चिकित्सकों की टीम

अमिताभ की टक्कर में अकेले थे विनोद खन्ना!

नई दिल्ली। विनोद खन्ना को हिंदी सिनेमा में कोई भुला नहीं सकता। वो उस दौर के सुपर स्टार रहे हैं, जब फिल्म इंड्स्ट्री में अमिताभ बच्चन के नाम का डंका बजता था। लेट सिक्सटीज और फिर सेवंटीज में अगर अमिताभ बच्चन के सामने कोई हीरो बराबरी से टिक पाता था तो वो थे सिर्फ विनोद खन्ना। जो कद काठी में अमिताभ बच्चन से जरा भी कम नहीं थे। स्टाइल और लुक्स के मामले में भी टक्कर या यूं कहें कि एक कदम आगे ही थे। विनोद खन्ना से एक पुराने इंटरव्यू में दोनों को लेकर सवाल हुआ। इस इंटरव्यू के कुछ अंश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इंटरव्यू में विनोद खन्ना ने कहा कि उस समय सिर्फ वही एक ऐसे स्टार थे जो अमिताभ बच्चन को चुनौती दे पाते थे।

लाइफ Style

सोनाक्षी

मजेदार लगी थी 'काकूदा' की कहानी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा बीते कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। उनकी शादी की खबरों ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। अब एक बार फिर से वह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हो गई हैं। हाल में ही उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म 'काकूदा' पर बातचीत की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनाक्षी की यह हालिया रिलीज फिल्म जी 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि वह विभिन्न जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं और वह ऐसी भूमिकाएं नहीं करेंगी, जिनमें उन्हें गाने और कुछ दृश्य ही मिले। 'काकूदा' पर उन्होंने कहा कि इसकी स्क्रिप्ट उन्हें काफी मजेदार लगी थी। इसे पढ़ते समय मैं बहुत खुश थी। हालांकि, मुझे हॉरर फिल्में पसंद नहीं हैं, लेकिन इस फिल्म में भरपूर कॉमेडी थी।

आदित्य ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने इस शैली को बहुत अच्छी तरह से समझा है और इस पर उनकी पकड़ शानदार है। उन्हें पता है लोगों को कहां डराना है, कहां हंसाना है, वह सभी चीजों को अच्छे तरीकों से करते हैं। उनके जैसे निर्देशक के साथ पहली बार इस तरह की फिल्म में काम करना काफी मजेदार है। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान, जब सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या मुख्यधारा की फिल्मों में कम काम करना कलाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात है। अभिनेत्री ने कहा, ' ये तो अच्छा है ना। मैं बड़ी भूमिकाएं और महत्वपूर्ण भूमिकाएं ही करना चाहूंगी। अकीरा (2016), जिसमें मैं मुख्य किरदार में थी, यह मेरे लिए खून चखने जैसा था। मैं कभी भी एक फिल्म में दो गाने और चार सीन करने के दौर में वापस नहीं जाना चाहती।

हॉलीवुड मसाला

अगले साल रिलीज होगी 'सुपरमैन'

लॉस एंजिलिस। सुपरमैन को चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं। फैंस को इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बीच डीसी स्टूडियोज के सीईओ और सुपरमैन फिल्म निर्देशक जेम्स गन ने प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरहीरो की पोशाक में डेविड कोरेंसवेट की तस्वीर जमकर वायरल भी हुई थी। सुपरमैन का प्रीमियर 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में होगा। इसमें लोइस लेन के रूप में रेचल ब्रोसनाहन, लेक्स लूथर के रूप में निकोलस हॉल्ट और इंजीनियर के रूप में मारिया गैब्रिएला डे फारिया भी हैं।

इनसाइड आउट 2 बनी नंबर 1 एनिमेटेड फिल्म

लॉस एंजिलिस। डिज्नी और पिक्सार की एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहराती नजर आई है। 14 जून को रिलीज हुई इस मूवी को दुनियाभर के दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। इसी कड़ी में यह डिज्नी और पिक्सार की विश्व में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'इनक्रेडिबल्स 2' जैसी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर को पीछे छोड़ते हुए 'इनसाइड आउट 2' ने अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पिक्सार फिल्म के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इतना ही नहीं, यह वर्तमान में सर्वकालिक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्मों की सूची में चौथे नंबर पर काबिज है। 'इनसाइड आउट 2' की सफलता को देखते हुए उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि यह जल्द ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म की सूची में पहले स्थान पर आ सकती है।



हिना की सलामती के लिए प्रशंसक मांग रहे दुआ

नई दिल्ली। अभिनेत्री हिना खान ने जब से अपने स्टेज थ्री के ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित होने का खुलासा किया है, उनके प्रशंसक काफी चिंतित है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों ने उनके लिए फिक्र जताई और उनके जल्दी ठीक होने की कामना की है। अब हिना खान ने दिल छू लेने वाला खुलासा अपने प्रशंसकों को लेकर किया है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके प्रशंसक उनके जल्दी स्वस्थ होने के लिए रोजा रख रहे और हवन तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। इस बात का खुलासा हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में किया है। अपने प्रशंसकों और जानने वालों की चिंता से अभिभूत होकर हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की है, जिसमें उन्होंने एक लंबा चौड़ा नोट लिखा है। चार स्लाइड की नोट में हिना ने लिखा, 'मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसा क्या किया जिसके लिए मुझे यह सब सहना पड़ा।



'किल' हिट होने पर पार्ट-2 लेकर आएंगे : लक्ष्य

नई दिल्ली। 2015 में टेलीविजन सीरीज 'वॉरियर हाई' से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले अभिनेता लक्ष्य की पहली हिंदी फिल्म है 'किल'। 'किल' लगातार सिनेमाघरों में बनी हुई और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म की सफलता को देखते हुए 'किल' के मुख्य अभिनेता लक्ष्य ने फिल्म को लेकर एक बड़ा और दिलचस्प खुलासा किया है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्म को काफी प्यार मिल रहा है। ऐसे ही आप इस फिल्म के लिए अपने प्यार को बरकरार रखिए और साथ ही फिल्म को स्पोर्ट करते रहिए।' फिल्म को लेकर लक्ष्य ने आगे कहा, 'आपने ऐसा सिनेमा कभी नहीं देखा होगा। और मैं वादा करता हूं कि अगर आप लोग इस फिल्म को हिट कराते हैं, तो जरूर हम इस फिल्म का पार्ट-2 लेकर आएंगे।

टीवी मसाला

टास्क को लेकर सना और कृतिका में छिड़ी जुबानी जंग

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी 3' में थोड़े ही समय में ढेर सारे बदलाव देखने को मिले हैं। शो में जहां विशाल का दिल रणवीर के लिए बदल रहा है, वहीं अब सना मकबूल और कृतिका मलिक के बीच एक तीखी नोंकझोक देखने को मिली है। लेटेस्ट एपिसोड में एक टास्क के दौरान दोनों एक-दूसरे से बहस करते हुए दिखाई दिए। बिग बॉस के घर में एक टास्क हुआ जिसमें प्रतियोगियों को यह तय करना था कि उनके अनुसार शो में सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी कौन है? इस टास्क में घरवाले दो हिस्सों में बंटे दिखाई दिए। जहां अरमान मलिक और उनके कुछ दोस्त उनका नाम लेते नजर आए, वहीं सना मकबूल और उनकी टीम उनका नाम लेती नजर आईं। हालांकि, अरमान एक वोट से जीत गए। यह बात सना को पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि स्टाइल क्या होता है और जब दर्शक शो देखेंगे तो वे हंसेंगे। टास्क के बाद में सना अरमान से बात करती हुई नजर आईं। इस दौरान कृतिका ने बीच-बचाव किया। इस वजह से दोनों में जुबानी जंग छिड़ गई। इस दौरान कृतिका ने कहा कि कैसे कुछ दिन पहले उन्हें वह सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी लगी थीं और अब नहीं हैं। दूसरी और कृतिका का कहना है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि सना पहले उनकी दोस्त थीं और अब नहीं हैं।

शिव का किरदार निभाकर समर को आज भी होता है पछतावा

नई दिल्ली। 90 के दशक में कई ऐसे सीरियल्स आए थे जिन्होंने लोगों को अपना दीवाना बना लिया था। खासकर माइथोलॉजिकल शोज। इन शोज को देखने का लोगों को इंतजार रहता था। लोग अपना काम छोड़कर या टाइम से

निपटाकर इसे देखते थे। इसमें से एक शो ओम नमः शिवाय भी था। इस शो में समर जय सिंह ने भगवान शिव का किरदार निभाया था। इस शो से समर घर-घर में फेमस हो गए थे। इतना ही नहीं लोग उन्हें भगवान शिव समझने लगे थे। जहां भी जाते थे वहां उन्हें लोग भोले बाबा कहकर आ जाते थे और भीड़ लग जाती थी। मगर उनका ये ही किरदार उनके करियर पर भारी पड़ गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि शिवजी के रोल की वजह से उन्हें फिल्मों में आखिरी टाइम पर रिजेक्ट कर देते थे। मेकर्स को लगता था कि लोगों के मन में उनकी भगवान शिव वाली ही इमेज है। जिसकी वजह से वो उन्हें दूसरे रोल में नहीं देख पाएंगे।

'इंडियन 2' में दिखा महेश बाबू और राम चरण की फिल्म का कनेक्शन

मुंबई। 12 जुलाई को 28 साल बाद कमल हासन की हिट फिल्म 'इंडियन' का दूसरा भाग रिलीज हो गया है। कमल हासन के प्रशंसकों ने उन्हें 1996 में सेनापति के किरदार में देखा था, जिससे उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बना ली थी और अब फिर से कमल हासन इतिहास को दोहरा रहे हैं। 'इंडियन 2' के रिलीज होने के बाद एक रोचक जानकारी सामने आई है। 'इंडियन 2' में दो बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं की फिल्मों के गानों को इस्तेमाल किया गया है। इनमें से एक है राम चरण की आने वाली फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना 'जगारंडी' और दूसरा है महेश बाबू की 'गुंटूर करम' का 'कुर्ची मदथा पेटी'। इन दोनों गानों को सुनते ही सिनेमाघरों में बैठे दर्शक नाचने को मजबूर हो गए। 'इंडियन 2' का निर्देशन शंकर ने किया है और राम चरण और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका वाली 'गेम चेंजर' को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया है। यह एक राजनीतिक ड्रामा फिल्म है, जो जल्द ही देखने को मिलेगी। 'इंडियन 2' की बात करें तो इसमें कमल हासन के साथ-साथ काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, रकुल प्रीत, बॉबी सिम्हा और समुथिरकानी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म के पहले भाग में कमल हासन सेनापति का रोल निभाते हुए देश में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए नजर आए थे। उन्होंने इसमें दोहरी भूमिका निभाई थी और 'इंडियन 2' में भी वो सेनापति बनकर भ्रष्टाचारियों से जंग लड़ रहे हैं।

फैंस को पसंद आई 'सरफिरा' हो रही जमकर तारीफ



नई दिल्ली। अक्षय कुमार की सरफिरा ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। फिल्म में राधिका मदान और परेश रावल अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, इसमें तमिल सुपरस्टार सूर्या के विशिष्ट भूमिका निभाई है। यह फिल्म साल 2020 में आई तमिल फिल्म सूरारई पोट्रू का आधिकारिक रीमेक है। मूल फिल्म बनाने वाली सुधा कोंगरा ने ही इसका निर्देशन किया है। फिल्म को देखने के बाद अब लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। बड़ी संख्या में इस फिल्म को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक शख्स ने लिखा, 'माइंडलेस एक्शन फिल्मों की दुनिया में, सरफिरा किसी ताजी हवा के झोंके के जैसी है। इसे जरूर देखें। अक्षय कुमार वास्तव में वापस आ गए हैं। इससे पहले, हाल ही में सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन दिल्ली में किया गया था। इसे देखने के बाद एक्स पर लोगों ने फिल्म की तारीफ की थी। एक यूजर ने लिखा था, 'अक्षय कुमार ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, परेश रावल भी अपने रोल में अच्छे लग रहे हैं, हर अभिनेता ने अच्छा काम किया लेकिन सूर्या कैमियो ने दिल जीत। कुल मिलाकर, फिल्म काफी अच्छी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, "एक वाक्य में फिल्म का रिव्यू...वह वापस लौट आए हैं।'

खूंखार विलेन की हीरो से ज्यादा थी फीस, लोग डरते थे, बच्चों का नाम नहीं रखते थे प्राण

नई दिल्ली। बॉलीवुड के खूंखार खलनायक का नाम जब जहन में आता है, तो सबसे पहले प्राण उर्फ कृष्ण सिकंद अहलूवालिया का नाम आता है। प्राण, एक भारतीय अभिनेता थे, जिन्हें भारतीय सिनेमा के इतिहास में अब तक के सबसे महान खलनायकों में से एक और 1940 से 1990 के दशक तक हिंदी सिनेमा में सहायक अभिनेता के रूप में जाना जाता है। वह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल और सम्मानित दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। बता दें कि प्राण अपने समय के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक थे। 12 जुलाई को प्राण की पुण्यतिथि थी। उन्होंने 40 के दशक में नायक की कई भूमिकाएं निभाईं। इसके बाद 1942 से 1991 तक खलनायर के किरदार में जमकर धमाल मचाया था। 50 के दशक में प्राण खलनायक और सहायक अभिनेता के रूप में अपने करियर के चरम पर थे। स्क्रीन पर नकारात्मक किरदारों में उनका अभिनय हीरो के किरदार पर भी भारी पड़ता था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्मों में प्राण की खलनायकी इतनी दमदार हुआ करती थी कि लोगों ने अपने बच्चों का नाम 'प्राण' रखना बंद कर दिया था।

पान की दुकान पर मिला पहली फिल्म का ऑफर

प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 में मुंबई में हुआ। अपनी खलनायक की भूमिका के लिये जाने जाते हैं प्राण। फिल्मफेयर पुरस्कार और बंगाली फिल्म जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अवार्ड्स जीतने वाले भारतीय अभिनेता प्राण की फिल्मों को उनके प्रशंसक आज भी देखना पसंद करते हैं। प्राण की पहचान हिंदी फिल्म जगत के सबसे खूंखार विलेन के तौर पर की जाती है। 'राम और श्याम', 'मिलन', 'जंजीर' और 'डॉन' जैसी एक से बढ़कर शानदार फिल्मों में अभिनय का दमदार जौहर दिखा चुके अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के महानतम कलाकारों में की जाती है। प्राण के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की दास्तान किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। उनको अपनी पहली फिल्म का ऑफर पान की दुकान पर मिला था।

वली मोहम्मद को गुरु माना

प्राण को पहली फिल्म मिलने की कहानी बहुत फिल्मी है। प्राण अक्सर लाहौर में एक पान की दुकान पर जाया करते थे। उसी पान की दुकान पर मशहूर फिल्म राइटर वली मोहम्मद भी पान खाने जाते थे, जब वली मोहम्मद फिल्म यमला जट बना रहे थे, तो उसमें उन्हें खलनायक के रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश थी। वली मोहम्मद की नजर जब प्राण पर पड़ी तो उन्होंने प्राण को मिलने के लिए बुलाया। प्राण ने वली मोहम्मद की बात को कोई तवज्जों नहीं दी, जब दोबारा दोनों की मुलाकात हुई तो वली ने प्राण को फिल्म में काम करने के लिये तैयार कर लिया। इसके बाद प्राण ने फिल्म 'यमला जट' में काम किया। इस फिल्म में अभिनय करने के बाद फिर कभी प्राण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्राण ने जिंदगीभर वली मोहम्मद को अपना गुरु माना। प्राण ने अपने शानदार काम की बदौलत कई बार फिल्म फेयर का पुरस्कार जीता।

गायिका मालिनी अवस्थी ने भंसाली को लताड़ा

मुंबई। भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित प्रसिद्ध गायिका मालिनी अवस्थी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों को खूब जमकर खरी खोटी सुनाई है। यूपी से निकली मशहूर गायिका मालिनी अवस्थी की दमदार और बुलंद आवाज पूरे देश में गूंजती हैं। वो ऐसी लोक गायिका हैं, जिनका कोई सानी नहीं है।

वह जब भी मंच पर आती हैं तो उनकी आवाज दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। मालिनी अवस्थी भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा हैं। उन्होंने लोकगीत को अपनी आवाज में बुलंदियों पर पहुंचाया है। 57 साल की मालिनी ने 'दम लगाके हईशा' में 'सुंदर सुशील' गाना गाया। इसके अलावा वो 'बम बम बोले', 'एजेंट विनोद', 'इश्क' जैसी बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाना गाया है। अब मालिनी ने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों की क्लास लगाई है। मालिनी ने वेब सीरीज 'हीरामंडी' और 'मिर्जापुर' को लेकर लिखा, 'हम तो यही समझते हुए बड़े हुए कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि! लेकिन आज ओटीटी प्लेटफार्म पर कवि और कलाकार, इन्हें किस नजरिए से दिखाया जा रहा है! यह बहुत गंभीर विषय है। मिर्जापुर हो या हीरामंडी... सब वास्तविकता से कोसों दूर। कहानी, कल्पना फितूर उसपर तो क्या टिप्पणी की जाए, लेकिन इधर जो दिखा है उस पर खामोश रहना सही नहीं होगा।

अयोध्या में प्रवेश द्वारों के निर्माण पर हुआ निर्णय

संतों ने 9 का दिया सुझाव, 6 पर बनी सहमति, 5 के लिए निविदा जारी, टोल प्लाजा की तर्ज पर किया जाएगा निर्माण

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

मिशन 2047 को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर बनाए विजन डाक्युमेंट के आधार पर अयोध्या के छह प्रवेश द्वारों में पांच के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इन सभी प्रवेश द्वारों का नामकरण भी संतों के सुझाव पर हो चुका है। इसके अनुसार लखनऊ से अयोध्या के लिए श्रीराम द्वार तो सुल्तानपुर से भरत द्वार से होकर प्रवेश मिलेगा। इसी तरह रायबरेली से गरुण द्वार, अकबरपुर से जटायु द्वार, गोण्डा से लक्ष्मण द्वार व गोरखपुर-बस्ती से हनुमान द्वार से होकर श्रद्धालु प्रवेश कर सकेंगे। पर्यटन विभाग की ओर से स्वीकृत इस योजना की कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की अयोध्या इकाई है। इस एजेंसी के परियोजना प्रबंधक आरके सिंह ने बताया कि गोरखपुर-बस्ती रोड पर हनुमान द्वार के लिए शासनादेश अभी जारी नहीं हुआ जबकि शेष पांच प्रवेश द्वारों के लिए विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

खास बातें

- गोरखपुर–बस्ती रोड पर हनुमान द्वार के लिए करना होगा इंतजार
- राम मंदिर की संरचना के अनुरूप प्रवेश द्वारों का निर्माण होगा
- पौराणिक अयोध्या की संरचना में अष्टचक्रा नवद्वारा का उल्लेख
- प्रवेश द्वारों के नाम श्रीराम, भरत, गरुण, जटायु और हनुमान

किसानों से ली गई जमीन

सिंह ने बताया कि लखनऊ रोड पर मजरा फिरोजपुर व सुल्तानपुर रोड पर थाना पूरा कलंदर के अन्तर्गत मजरा मोईनुद्दीन पुर में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से किसानों से सहमति के आधार पर जमीन ली गई है। इस भूमि पर प्रवेश द्वार निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा है। फिलहाल अभी यहां अतिरिक्त भूमि क्रय जाना शेष है। बताया गया कि भूमि क्रय करने और किसानों से बातचीत के लिए प्रशासनिक समिति का गठन शीघ्र करने के लिए जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने एडीएम वित्त व राजस्व को अधिकृत कर दिया है।

प्रवेश द्वार की लंबाई 80 और चौड़ाई 110 मीटर

जिलाधिकारी कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा की तर्ज पर निर्मित होने वाले प्रवेश द्वार की लंबाई-चौड़ाई अलग-अलग निर्धारित की गई है। लखनऊ रोड पर प्रवेश द्वार की चौड़ाई सड़क के मध्य से दोनों तरफ साढ़े 42-42 मीटर यानि की कुल 85 मीटर होगी जबकि इसकी चौड़ाई दोनों पटरियों के किनारे 130 मीटर होगी। इसके विपरीत शेष अन्य मार्गों पर प्रवेश द्वार की चौड़ाई सड़क के मध्य से 40-40 मीटर यानि की कुल 80 मीटर होगी जबकि सड़क के दोनों किनारों पर लंबाई 110 मीटर होगी। बताया गया कि कार्यदाई एजेंसी की ओर से पर्यटन विभाग की क्रय की भूमि पर निर्माण के लिए पांचों प्रवेश द्वार के लिए निविदा जारी कर दी गई है जिसे इसी सप्ताह खोला जाएगा।

रेड सैंड स्टोन से होगा प्रवेश द्वारों का निर्माण

नीतीश कुमार ने बताया कि मेसर्स ली साउथ एसोसिएट प्रा. लि. की ओर से तैयार किए विजन डाक्यूमेंट के पहले नोडल एजेंसी अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से संत-महंतों से परामर्श कर उनसे सुझाव लिए गए थे। इस सुझाव के दौरान संतों ने अपना मत प्रकट करते हुए कहा कि पुराणों में कहा गया है कि पौराणिक अयोध्या की संरचना में अष्टचक्रा नवद्वारा का उल्लेख है। ऐसे में अयोध्या की सांस्कृतिक सीमा में नौ द्वारों का निर्माण किया जाना चाहिए। फिलहाल नोडल एजेंसी ने छह जनपदों की सीमाओं में प्रवेश द्वारों की योजना बनाई। विजन डाक्यूमेंट में इन द्वारों का निर्माण राम मंदिर की संरचना के अनुरूप निर्माण का सुझाव दिया है। बताया गया कि इसी के अनुसार रेड सैंड स्टोन से प्रवेश द्वारों का निर्माण होगा।

खबर संक्षेप

आरजेडी वाले भ्रष्टाचार पर बोलेंगे तो लोग हंसेंगे

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा है कि तेजस्वी को लोगों को भ्रष्टाचार पर बोलते हुए शर्म आनी चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में बिहार भ्रष्टाचार से कितना त्रस्त था, यह सभी जानते हैं। इसके बावजूद वे इस मुद्दे पर बोल रहे हैं तो लोग हंसेंगे ही। उन्होंने कहा कि लालू परिवार खुद भ्रष्टाचार में लिप्त रहा।

झारखंड में तीन चरणों में होंगे विधानसभा चुनाव

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव अक्तूबर में तीन चरणों में कराने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर द्वितीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम जारी है। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम अगस्त तक पूरा हो जाएगा। झारखंड चुनाव आयोग के सीईओ के रवि कुमार ने कहा कि इस बार पांच चरण के बजाए तीन चरण में चुनाव होंगे। मतदाता सूची के पुर्ननिरीक्षण व प्रकाशन के निर्देश दिए हैं।

योगी ने अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 का किया शुभारंभ

इस साल जापान, मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा यूपी, किसानों को 600 रुपए प्रति किलो होगी

सीएम योगी ने बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप आम की मात्रा और गुणवत्ता दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करने की समझाइश देते हुए अलग-अलग देशों में आम निर्यात की संभावनाओं पर जोर दिया।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि यूपी इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है।

आदित्यनाथ ने कहा कि देश में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपए के बीच है लेकिन यही दशहरी जब अमेरिकी बाजार में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपए किलो हो गया है। यानी अगर हम शुल्क दर, माल ढुलाई और हवाई भाड़ा को भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपए तक बैठेगी। तब भी एक किसान को एक किलो आम पर 600 रुपए की बचत होगी। सीएम योगी ने आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

खास बातें

- 12 से 14 जुलाई तक चलेगा आम महोत्सव
- किसानों के लिए चार पैक हाऊस बनाए
- देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत अकेले यूपी में
- 700 से अधिक आम की प्रजातियां प्रदर्शित

120 किस्म के विशेष आम प्रदर्शित

कार्यक्रम में सीएम योगी ने प्रगतिशील आम के किसानों को सम्मानित किया और आम स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने आम ट्रक को हरी झंडी भी दिखाई गई, जिसमें भरे आम विभिन्न देशों को निर्यात होंगे। 12 से 14 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय इस महोत्सव में आम की विभिन्न प्रजातियों व उनके उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। आम खाने की प्रतियोगिता और प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया गया है। महोत्सव में लगभग 700 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम आम महोत्सव में यूपी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत कई राज्यों के आम के किसान पहुंचे हैं। कार्यक्रम में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

यूपी में 58 लाख टन आम उत्पादन

योगी ने बताया कि यूपी के किसान केवल 3.15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत आम उत्पादन अकेले यूपी में होता है। भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के किसानों के लिए सहारनपुर, अमरोहा, लखनऊ और वाराणसी में चार 'पैक हाउस' बनाए हैं।

यूपी आम उत्पादन में अग्रणी

सीएम योगी ने बताया कि यूपी आम उत्पादन में देश में अग्रणी है लेकिन अब हमें बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप मात्रा और गुणवत्ता दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आम की कहां से निर्यात करने की संभावनाएं बन सकती हैं और किन-किन देशों के लिए बन सकती है, हमें उन देशों तक अपनी पहुंच को बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष उद्यान विभाग की टीम मास्को गई थी।

आमदनी कई गुना बढ़ाने में मददगार होगी

सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आपके हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने किसानों, बागवानों और पशुपालकों के हितों के संवर्धन के लिए जिस प्रकार की योजनाएं बनाई हैं वह उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने में मददगार होगी।

न्यायाधीशों को माई लॉर्ड या योर लॉर्डशिप नहीं बोलेंगे

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील सुनवाई के दौरान वकीलों के प्रति व्यवहार और कोर्ट की परंपराओं और प्रथाओं के पालन सहित विभिन्न परेशानियों को लेकर लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। न्यायिक कार्य से विरत हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता और महासचिव विक्रांत पांडेय के संचालन में बैठक कर न्यायाधीशों को माई लॉर्ड या योर लॉर्डशिप की जगह सर, योर ऑनर या माननीय से संबोधित करने का प्रस्ताव पास किया है। प्रस्ताव के अनुसार यह निर्णय देश के मुख्य न्यायाधीश के बयान के बाद लिया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि न्यायाधीशों को खुद को भगवान नहीं समझना चाहिए। देश और राज्य भर के विभिन्न बार एसोसिएशनों से संपर्क किया जाएगा। , ताकि विभिन्न न्यायालयों में वकीलों के प्रति बढ़ते दुर्व्यवहार को कम किया जा सके।

बारिश से बहा अप्रोच रोड पिछले साल ठीक हुआ था

पूर्णिया। बिहार में धड़ाधड़ गिर रहे पुलों के बाद अब उनसे जुड़ी सड़क भी टूटने लगी हैं। ताजा मामला पूर्णिया जिले का है। यहां एक ब्रिज से जुड़ी अप्रोच रोड बारिश के पानी में बह गई। इससे 10 हजार से ज्यादा की आबादी प्रभावित हुई है। ठीक एक साल पहले भी यहां पर अप्रोच रोड ध्वस्त हो गया था। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है।

पूर्णिया जिले के अमौर प्रखंड के रंगैया लालटोली हाट से बालू टोल तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत दो साल पहले दास नदी पर 69.91 मीटर लंबा ब्रिज बनाया गया था। इसके साथ यहां अप्रोच रोड भी बनाया गया था। पिछले साल 12 जुलाई को अप्रोच रोड बारिश के पानी में बह गया था। बाद में इसे फिर से बनाया गया जो इस साल बीते गुरुवार को तेज बहाव में ध्वस्त हो गया।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) SML SMLSARTAJ
REG. NO. DL1MA0106-YOM- 2018
MINIMUM RESERVE PRICE 459780.3

2) MACON_MACONMIX
SERIAL. NO. 20400031900026
YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 459900

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 28-07-2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) ASHOK_LEY ECOMET1615
REG. NO. HR55AL0384-YOM -2022
2) EICHR_VECV VE1059FB
REG. NO. UP13BT0997-YOM- 2015
3) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ2326-YOM-2022
4) MAH MM_BOLERO
REG. NO. DL1LAL0635-YOM-2023
5) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAG6348-YOM-2022
6) TATA MOTORS TACEGOLCNG
REG. NO. DL1LAL0407-YOM-2023
7) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAG5652-YOM-2022
8) TATA MOTORS TATAMOTORS
REG. NO. DL1LAG5661-YOM-2022
9) TATA MOTORS TATAMOTORS
REG NO. UP17BT4022-YOM-2022
10) TATA MOTORS LPT909CO
REG NO. DL1LAJ7473-YOM -2023
11) TATA MOTORS TATA_INTRA
REG NO. DL1LAL7501-YOM-2023
12) BHARATBENZ BB1617RGD
REG NO. UP14GT8161-YOM-2018
13) TATA LPT407CH
REG NO. DL1VC3646 -YOM-2018
14) TATA MOTORS TACE GOLD
REG NO. UP12CT0852-YOM-2023
15) MARUTIS SUPER CARRY
REG NO. DL1LAG1523-YOM-2022
16) TATA MOTORST2518CBTP
REG NO. HR46E9382-YOM - 2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL –raman.ahuja@kotak.com

पेज एक का शेष

सेनाप्रमुख ने पूर्वोत्तर में...

पूर्वी कमांड के प्रमुख (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी.तिवारी व अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। यहां बता दें कि बीते 30 जून को सेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राजधानी दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय के बाहर किया गया जनरल द्विवेदी का यह दूसरा महत्वपूर्ण दौरा है। इससे पहले उन्होंने जम्मू-कश्मीर में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लगे इलाकों में सेना की तैयारियों का जायजा लिया था। वहीं, पूर्वोत्तर का यह इलाका चीन से लगी हुई एलएसी से बेहद करीब है। ड्रैगन ने बीते समय में पूर्वोत्तर में एलएसी से लगे इस इलाके (अरुणाचल प्रदेश के तवांग) में भी भारत की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की है। लेकिन हमेशा सतर्कता के साथ तैनात भारतीय सेना ने उसकी कोशिशों को हर बार नाकाम किया है।

मणिपुर के हालात का लिया जायजा : नागालैंड में तीन कोर के मुख्यालय के दौरे में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने क्षेत्र में चल रही सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें मणिपुर के साथ-साथ म्यांमार सीमा पर सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में 33 कोर के दौरे में सेनाध्यक्ष ने सिक्किम क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं में हुई प्रगति की समीक्षा की। अपनी यात्रा के दौरान सेनाप्रमुख ने चुनौतीपूर्ण भूभाग और मौसम की स्थिति के बावजूद सभी रैंकों को उनकी व्यावसायिकता, उच्च स्तर की तत्परता के लिए बधाई दी। साथ ही सभी वर्तमान और उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए दृढ़ रहने का आह्वान किया।

शंभू बॉर्डर खोलें,...

सरकार के वकील ने कहा कि राज्य हाईकोर्ट के 10 जुलाई के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। कोर्ट ने उसे सात दिनों इंदर राजमार्ग खोलने का निर्देश दिया था। इस पर जस्टिस भुइयां ने कहा कि कोई राज्य राजमार्ग को कैसे अवरुद्ध कर सकता है? यातायात को संभालना उसका कर्तव्य है। हम कह रहे हैं कि इसे खोलें, लेकिन नियंत्रित भी करें।

'आप हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती क्यों देना चाहते हैं ?': जस्टिस कांत ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती क्यों देना चाहते हैं? किसान भी इस देश के नागरिक हैं। उन्हें भोजन और अच्छी चिकित्सा सुविधा दीजिए। वे आएंगे, नारे लगाएंगे और वापस चले जाएंगे। मुझे लगता है कि आप सड़क मार्ग से यात्रा नहीं करते। इस पर वकील ने जवाब दिया कि वह सड़क मार्ग से ही यात्रा करते हैं। पीठ ने कहा कि तब उन्हें भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। पीठ ने राज्य से लंबित मामले में बाद के घटनाक्रम पर हलफनामा दाखिल करने को भी कहा।

हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई: शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 7 मार्च को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। फैसले में फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस बीच 1 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था।

21 फरवरी को हुई थी शुभकरण सिंह की मौत: इससे पहले 21 फरवरी को पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में हुई झड़प में बठिंडा निवासी 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घटना तब हुई थी, जब कुछ प्रदर्शनकारी किसान सीमा पर लगाए गए बैरिकेड्स की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें दिल्ली की ओर मार्च करने से रोक दिया था।

क्या था हाईकोर्ट का आदेश ?: 10 जुलाई को हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह के भीतर शंभू सीमा पर बैरिकेडिंग हटाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति बनती है तो राज्य सरकार कानून के मुताबिक निवारक कार्रवाई कर सकती है। कोर्ट ने पंजाब सरकार को भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इसी तरह का निर्देश जारी किया था और कहा था कि उसकी तरफ से भी बैरिकेडिंग हटाई जानी चाहिए।

गैंगस्टर हिमांशु...

सूचना मिली कि भाऊ गैंग से जुड़े तीन बदमाश छिन्नौनी रोड से आने वाले हैं। पुलिस को उनके पास हथियार होने की सूचना थी। इसी बीच पुलिस ने रोहतक बाईपास के पास नाका लगा दिया। कुछ देर बाद सफेद रंग की कीया गाड़ी पुलिस को आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो तीनों बदमाश गोलियां लगने से घायल हो गए। पुलिस फायरिंग में घायल तीनों बदमाशों को पुलिस जवानों ने खरखौदा के अस्पताल में पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बदमाशों की पहचान हिसार गांव खारिया निवासी आशीष उर्फ लालू, हिसार के गांव खरड़ निवासी सन्नी खरड़ और सोनीपत के गोहाना के गांव रिंढाना निवासी विक्की के रूप में हुई है। तीनों हिसार में व्यापारी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने, मातूराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने और शराब कारोबारी की मुरथल में हुई हत्याकांड के मामले में संलिप्त बताए जा रहे हैं।

एएमयू-इसरो ने उत्तर भारत में पहला मौसम गुब्बारा किया लांच

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

देश में पहली बार किसी विश्वविद्यालय में इसरो के सहयोग से मौसम गुब्बारा को आसमान में छोड़ा गया। एएमयू के भूगोल विभाग से गुरुवार को इसरो वैज्ञानिकों की देखरेख में लांचिंग किया गया। इसके साथ अलीगढ़ सहित लगभग सौ किमी के क्षेत्रफल के मौसम से जुड़े पूर्वानुमान की सटीक जानकारी मिलेगी। इसके लिए भूगोल विभाग में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। एएमयू के भूगोल विभाग में गुरुवार की दोपहर तीन बजे मुख्य अतिथि पृथ्वी मंत्रालय में सलाहकार वैज्ञानिक डॉ. जगवीर सिंह और मौसम विज्ञानी डॉ. गजेंद्र कुमार, इसरो के वैज्ञानिक डॉ. हरीफ बाबा साहब और कुलपति प्रो. नईमा खातून ने मौसम गुब्बारे को लांच किया। लगभग 35 किमी की ऊंचाई पर स्थापित होकर गुब्बारा तकरीबन 100 किमी के दायरे में मौसम का पूर्वानुमान बताएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से एएमयू के भूगोल विभाग में उत्तर भारत का पहला मौसम गुब्बारा लांचिंग के साथ ही कंट्रोल रूम भी स्थापित हो गया। शाम पांच बजे तक गुब्बारे ने 32 किमी की उड़ान भरने के साथ डाटा भी भेजना शुरू कर दिया था।

रेड के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद

गया। गया में एसएसबी और बिहार पुलिस के जवानों ने लाल इलाके से चिन्हित बाराचट्टी थाना क्षेत्र के जंगलों में छापामारी कर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ डोडा बरामद किया है।

हालांकि छापामारी के दौरान जवानों को एक भी तस्कर हाथ नहीं लगा। शुक्रवार की सुबह गया जिले के अति नक्सल प्रभावित बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के छोटकी चापी के रुधवा जंगल में भठवा पहाड़ के पास 12 प्लास्टिक के बोरों में लगभग 182 किलो मादक पदार्थ (डोडा) को बरामद किया गया। वहीं, तलाशी अभियान की खबर मिलने के बाद तस्कर फरार हो गए और उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं हो सकी। हालांकि तस्करों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की जा रही है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	93245114A	संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार,डिजिटल एसी/डीसी लो करंट क्लैंप मीटर	150 नग	07.08.2024

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 93245114A दिनांक : 12.07.2024 2121/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

Azadi Ka Amrit Mahotsav

निविदा सूचना

ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

	GeM बोली संख्या:-	GEM/2024/B/5146396 दिनांक: 11-07-2024
1	कार्य का नाम व स्थान	सीनियर सेक्शन इंजीनियर पुल पोषण अम्बाला के आधिकारिक उपयोग, कर्मी और उपकरणों के साथ सामग्री ले जाने के लिए मासिक आधार पर 1 एमटी लोडिंग क्षमता के 01 नंबर वाहन (एमयूवी) को तीन साल की अवधि के लिए किराए पर लेना।
2	कार्य की अनुमानित लागत	2069896/-
3	अग्रिम धन	लागू नहीं
4	कार्य पूर्ण करने की अवधि	(3) तीन वर्ष
5	निविदा जमा करने व खुलने की दिनांक	26.07.2024 पर 16.00 बजे तक, उसी दिन 16.30 बजे के बाद निविदा खोलना
6	वेबसाइट का विवरण जहा उपरोक्त निविदा व्याख्या उपलब्ध है	उपरोक्त निविदा प्रपत्र GeM की साइट i.e.www.GeM.gov.in पर उपलब्ध है

निविदा बोली संख्या GEM/2024/B/5146396 दिनांक: 11-07-2024 2124/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ट मंड्ल अभियंता/समन्व्य, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि
1	वरिष्ट मंड्ल अभियंता/समन्व्य/दिल्ली डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में मंड्ल अभियन्ता / ट्रैक के तहत दो साल की अवधि के लिए विशेष निविदा शर्तों के अनुसार दिल्ली डिवीजन और संबद्ध सेवाओं आदि पर ट्रैक निरीक्षण / गश्त की निगरानी के लिए जीपीएस ट्रैकर को किराए पर लेना। (लागत में जीएसटी शामिल हैं)	रुपये 7996857.61	रुपये 1,59,900/-	24 माह

निविदा खुलने की तिथि : 06.08.2024

सूचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 06.08.2024, 15:00 बजे तक ही भरी जायगी. पत्र सं.: 128-ड्ब्ल्यु/वं.मं.अधि. /सं/निविदा-5-24-25-ड्ब्ल्युसी दिनांक: 12.07.2024 2130/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

बिम्सटेक के विकास में भारत के लिए अवसर

भारत को बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) को मजबूत करने पर खास ध्यान देना चाहिए। बिम्सटेक के सभी सदस्य देश भारत के मित्र पड़ोसी देश हैं। सात सदस्यीय बिम्सटेक में पांच दक्षिण एशियाई देश भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल व भूटान और दो दक्षिण पूर्व एशियाई देश म्यांमा व थाईलैंड शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक ताकतवर भारत ही है, आर्थिक रूप से भी और सामरिक रूप से भी। सभी के साथ भारत के मधुर संबंध हैं, हालांकि ये देश चीन के प्रभाव में भी हैं। भारत बिम्सटेक का न केवल विकास इंजन बन सकता है, बल्कि वह सदस्य देशों को सामरिक सुरक्षा भी दे सकता है। जब भारत की ग्लोबल भूमिका बढ़ने की बात आती है, ऐसे ही छोटे-छोटे कदमों से वह भूमिका का विस्तार कर सकता है। वर्ष 1997 में बिम्सटेक की स्थापना हुई है, भारत इसका संस्थापक सदस्य है, इसके बावजूद भारत ने इस बहुपक्षीय संगठन के मंच से अपने पड़ोसी देशों के विकास में बड़ा योगदान नहीं दिया है। मोदी सरकार के आने के बाद से बिम्सटेक को प्राथमिकता दी जा रही है, जो चीन से मुकाबला की दृष्टि से जरूरी कदम है। बिम्सटेक क्षेत्र न केवल संसाधन के लिहाज से बल्कि सामरिक सुरक्षा के लिहाज से भी भारत के लिए अहम है। एशिया की तेजी से बदलती भू-रणनीतिक स्थिति में भारत के पास बंगाल की खाड़ी का लाभ उठाकर अधिक मुखर और सक्षम चीन को नियंत्रित करनक का अवसर है। भारत का दायित्व है कि सभी की संप्रभुता का सम्मान करते हुए बिम्सटेक देशों के विकास में अपना योगदान दे और सुरक्षा भी प्रदान करे। चूंकि भारत के पड़ोसी देशों पर चीन का भी आर्थिक वर्चस्व है, इसलिए भारत को चाहिए कि वह चीनी पैठ अपने पड़ोस तक न होने दे। बिम्सटेक के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली में हुई, इसके अंतिम दिन विदेश मंत्रियों ने पीएम नरेन्द्र मोदी से संयुक्त रूप से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने आर्थिक एवं सामाजिक विकास के इंजन के रूप में बिम्सटेक की भूमिका पर जोर दिया। बिम्सटेक ने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया है। इस वर्ष सितम्बर में बिम्सटेक का शिखर सम्मेलन थाईलैंड में होना है, जिसमें सहयोग बढ़ाने के अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स की तर्ज पर भारत को बिम्सटेक बैंक के गठन को लेकर पहल करनी चाहिए, इसमें भारत को एक बड़ा कोष बनाना चाहिए। यह बैंक बिम्सटेक देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने, कनेक्टिविटी बढ़ाने, डिजिटल इन्फ्रा को बढ़ावा देने, गरीबी उन्मूलन करने आदि में अहम योगदान कर सकता है। यह बैंक भारत को पड़ोसी फर्स्ट व एक्ट ईस्ट की नीति के संवर्धन में सहयोग करेगा। इन देशों को विश्वास में लेकर सैन्य सुरक्षा का मार्ग भी भारत प्रशस्त कर सकता है। बिम्स्टेक छोटा पर व्यापक भारतीय प्रभाव वाला मंच बन सकता है। बिम्स्टेक आसियान के सदस्यों के बीच अंतर-क्षेत्रीय सहयोग हेतु भी मंच प्रदान करता है। भारत व म्यांमा को जोड़ने वाली कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, म्यांमा होकर भारत को थाईलेंड से जोड़ने वाली एशियाई त्रिपक्षीय राजमार्ग, यात्री और माल परिवहन के निर्बाध प्रवाह के लिए बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल (बीबीआईएन) मोटर वाहन समझौता आदि अहम विकास प्रोजेक्ट हैं, जो बिम्सटेक की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। बिम्सटेक देशों के बीच वीजा मुक्त आवाजाही होनी चाहिए।

सारा संसार

मध्य प्रदेश राज्य में सतना जिले के मैहर शहर में त्रिकुटी की सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित मैहर माता मंदिर भारत के सबसे दिव्य मंदिरों में से एक है। मैहर माता का यह प्राचीन मंदिर माँ शारदा देवी की पूजा अर्चना और उनके चमत्कारों के लिए जाना जाता है।

सजगता

डॉ. मोनिका शर्मा

सैर सपाटे में अनुशासन जरूरी

बीते दिनों महाराष्ट्र के लोनावला में भुशी बांध पर सैर-सपाटा करने पहुंचा एक पूरा परिवार झरने के पानी में बह गया। इस अनहोनी के वायरल वीडियो में तेज बहाव के बीच समूह बनाकर खड़े बच्चे-बड़े भय से चीखते देख रहे हैं। पानी की गति इतनी तेज थी कि हादसे में एक ही परिवार के नौ में से पांच सदस्य डूब गए। बरसात ने अभी दस्तक दी ही है, पर देशभर के पर्यटन स्थलों पर ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। हाल ही में बोकारो में ग्रामीणों ने दामोदर नदी में डूबते चार युवकों की जान बचाई, जो दामोदर नदी में स्नान करते हुए तेज़ बहाव में डूब गए थे। हर वर्ष ही बरसात के मौसम में सैर सपाटे के निकले लोगों के साथ ऐसी दुर्घटनाएं होतीं हैं। इन हादसों का सबसे दुखद पक्ष यह है कि कभी सुरक्षा नियमों की अनदेखी तो कभी अति-आत्मविश्वास के चलते लोगों का जीवन छिन जाता है। तकलीफदेह है कि बरसात के सुहावने मौसम में सैर-सपाटा करते लोग अपनी जान को जोखिम में डालने की गलती करते हैं। इस मौसम में बांध, नदी, झरने वाली जगहों पर ही पर्यटक जाना पसंद करते हैं। ऐसे अधिकतर स्थल आबादी वाली जगहों से दूर होते हैं, जिसके चलते समय पर बचाव दल का पहुंचना भी कठिन होता है। इतना ही नहीं बारिश में ऐसी जगहों पर अचानक पानी का बहाव तेज़ होने की भी संभावना रहती है। कहां और किस तरह दुर्घटना हो जाए यह समझना कठिन होता है। कहीं चट्टान वाली जगह पर फिसलन की आशंका रहती है तो कहीं पानी की गहराई की जानकारी नहीं होती। अचानक तेज वर्षा होने पर कई स्थलों का पानी का बहाव रौद्र रूप ले लेता है। लोनावला में भुशी बांध पर हुए हादसे में पूरा परिवार यूं झरने के पानी की तेज गति की ही अपने चपेट में आ गया। ध्यातव्य है कि अधिकतर मामलों में लोग भारी बरसात के अलर्ट, दुर्घटना स्थल से जुड़ी चेतावनियों और पर्यटन स्थल पर सुरक्षा को लेकर जारी नियमावली को भी नहीं मानते। पहाड़ी क्षेत्र हो या नदी-समुद्र जोखिमपूर्ण हिस्सों में भी पहुंच जाते हैं, जबकि प्रशासनिक अमले द्वारा समय-समय पर मानसून के मौसम में सैर सपाटे के दौरान ऐहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। सैलानियों की सुरक्षा के लिए ऐसे स्थलों पर सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों वाले बोर्ड लगाए जाते हैं। कई स्थलों को प्रतिबंधित घोषित किया जाता है। बावजूद इसके पर्यटक स्थलों पर न केवल सतर्कता की कमी ही देखने को मिलती है, बल्कि नियमों की अनदेखी की जाती है। हालिया बरसों में वर्चुअल दुनिया का दिखावा भी पर्यटन स्थलों पर होने वाले हादसे का कारण बना है। रील-वीडियो बनाने, विशेष तरह की तस्वीरें खींचने और अजब-गजब करतब करने के इरादे से की गई गतिविधियां दुर्घटनाओं को न्योता देने वाली साबित होती हैं। बीते दिनों गुजरात के कच्छ में मुंद्रा समुद्र तट पर इंस्टाग्राम रील्स के लिए स्टंट के करने के लिए समुद्र में उतारी दो गाड़ियों को पानी के तेज़ बहाव ने डुबो ही दिया था कि लोगों की मदद से उनकी जिंदगी बच सकी। इन्हीं दिनों बिहार के समस्तीपुर में रील बनाने के जुनून में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से तीन किशोरों की जान चली गई है। यह वाकई पीड़ादायी है कि आभासी दुनिया में विशेष उपस्थिति दर्ज करवाने के फेर में भी ऐसे हादसे हो रहे हैं, जबकि इन्हीं तकनीकी सुविधाओं का इस्तेमाल मौसम की सही जानकारी लेने के लिए भी किया जा सकता है। इस तरह की दुर्घटनाओं पर सजगता से ही लगाम लग सकती है। नियमों का पालन और सैर-सपाटे के समय भी अनुशासन का भाव ही जीवन सहेज सकता है ।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

दरकार

आर.के. सिन्हा

ब्रिटेन में कसे जाएं खालिस्तानी

भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन वगैरह शामिल हैं। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई एसटीएफ ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील किए हैं। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे।

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास है। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गए हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीजेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीजेस्टर ईस्ट की लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्क नारायण पूर्व वेल्स की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन आ गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूलतः कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।

भारत-ब्रिटेन संबंधों को देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की भी बड़ी अहम भूमिका है। भारतीयों की स्वामित्व वाली 700 से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार भी दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हज़ारों लोगों को रोज़गार दिया हुआ है। वहां हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति रहते स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा भारत के हज़ारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां, भारत के युवाओं में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेज़ी से माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मज़बूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15

लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद हैं। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुक़ाम हासिल किया है।

भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील करके 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे। अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसदी वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए को जल्द फाइनल करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से एफटीए का काफी महत्व है। इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश कोशिशें कर रहे हैं। इस बाबत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल गंभीरता से प्रयास करते रहे हैं। प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, जिनमें से अधिकतर पर आपसी सहमति बन गई है। अगर एफटीए हो जाता है तो इससे दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार के मौके को बढ़ावा मिलेगा। अभी ब्रिटेन के साथ भारत का जो द्विपक्षीय व्यापार है, वो भारत के पक्ष में ही थोड़ा झुका है। यानी भारत आयात के मुकाबले ब्रिटेन को निर्यात ज्यादा करता है। हालांकि आयात-निर्यात के बीच का यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है।

भविष्य में भारत-ब्रिटेन के साथ संबंधों में लगातार बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। भारत चाहेगा कि नई सरकार ब्रिटेन में भारत विरोधी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाए और पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद का मुकाबला करने में सहयोग करे। वैसे ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री का कश्मीर पर रुख जग-जाहिर है। वे कश्मीर विवाद को पूर्णतः भारत का अंदरूनी मामला मानते हैं और कश्मीर में किसी भी तरह के पाकिस्तानी हस्तक्षेप के सख्त खिलाफ हैं।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित

दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

गुरु का स्थान श्रेष्ठ

संकलित

प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

रथ यात्रा उत्सव

पुरी में शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के तहत भगवान जगन्नाथ की वापसी यात्रा, बहुदा यात्रा की तैयारियों के दौरान पुलिसकर्मी एक रथ खींचते हुए।

आज की पाती

बेरोजगारों को मिले मौका

हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक तकनीक ने बेरोजगारी की समस्या के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। इसलिए अब सरकारों को ऐसी नीतियों को अपने वोट बैंक के लिए लगाम कसने की जरूरत है जो बेरोजगारी को बढ़ाती हों। हर कदम सोच समझकर उठाने की जरूरत है, ताकि हर बेरोजगार को रोजगार मिल सके। सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार नहीं देना चाहिए, ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। अगर कोई सरकारी कर्मचारी एसोसिएशन या एक कर्मचारी भी रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार की मांग करता है तो उन्हें इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि क्या इससे उनके बच्चों को सरकारी नौकरी मिल पाएगी? शायद नहीं। - **संजय पटेल**, भाटापारा

करंट अफेयर

यूएई में एक सड़क भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है। नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, "यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग" परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब 'जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट' के नाम से जानी जाएगी। अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए डॉ. मैथ्यू ने कहा, "जब मैं पहली बार यूएई पहुंचा था, तब बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा था। राष्ट्रपिता दिवंगत शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से प्रेरित होकर मैंने लोगों की मदद करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। मैं बहुत आभारी हूं कि मेरे प्रयासों को मान्यता मिली है।" डॉ. मैथ्यू 1967 में 26 वर्ष की आयु में संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे।

ऑफ बीट

चार दिन का सप्ताह हो सकता है कारगर

सप्ताह में पांच दिन काम करने वाले कई लोगों को यह एक सपने जैसा लग सकता है कि केवल चार दिन काम और एक लंबा सप्ताहांत। जब सप्ताहांत बहुत छोटा लगता है और पूर्णकालिक नौकरी को बचाने का दबाव श्रमिकों को सिरे तक धकेल देता है, तो चार-दिवसीय कार्य सप्ताह बहुत आकर्षक लग सकता है। हालाँकि व्यवहार में ऐसा कैसे होता है, और क्या यह आम बात बन सकती है? खैर, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह परीक्षणों के बारे में हालिया खबरें अलग-अलग परिणाम दिखाती हैं। यूके में सबसे बड़े परीक्षण (जिसमें 60 से अधिक कंपनियां और लगभग 3,000 कर्मचारी शामिल थे) के नतीजों से पता चला कि 89% भाग लेने वाली कंपनियां अभी भी चार-दिवसीय सप्ताह लागू कर रही हैं, और 51% ने इसे स्थायी बनाने का फैसला किया है। अध्ययन से पता चलता है कि इस नयी व्यवस्था से कर्मचारियों की थकान में कमी आई और कम लोग नौकरी छोड़ रहे हैं, जो अन्य अध्ययनों के अनुरूप है। कुछ दिन पहले, सुपरमार्केट श्रृंखला एस्डा ने इसे जारी न रखने का निर्णय लेते हुए, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ अपना स्वयं का प्रयोग समाप्त किया। लेकिन साथ ही, साउथ कैंब्रिजशायर काउंसिल ने अपने परीक्षण को सफल घोषित किया है, जिसमें 450 डेस्क कर्मचारी और कचरा संग्रहकर्ता शामिल थे।

ट्रेंड

नीतियों को समावेशी बना रहे



वर्ष 2016 में हमने परिवार विकास मिशन आरंभ किया था। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि आज हमारी इस शुरुआत के सकारात्मक परिणाम आए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हम अपनी नीतियों को लगातार अधिक समावेशी और प्रभावी बना रहे हैं।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

मानवाधिकारों के लिए अहम



लैंगिक समानता हासिल करना लोगों के मानवाधिकारों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। वे तेजी से विकास या गिरावट जैसे सबसे चरम जनसांख्यिकीय परिणामों का मुकाबला करने में मदद कर सकते हैं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

सत्य की जीत

झूठे केस लगाकर सच को कब तक क़ैद में रखोगे। पूरा देश आपकी तानाशाही को देख रहा है। सुप्रीम कोर्ट मानते हैं कि केजरीवाल को ईडी ने झूठा फंसाया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सत्य की जीत है।

-संजय सिंह, आप नेता

जैव विविधता पार्क बनाया

हमने पुणे में संरक्षण के लिए एक बंजर भूमि से उड़ान जैव विविधता पार्क बनाया है! दुर्लभ शिव सुमन पौधा, जो एक समय गंभीर रूप से लुप्तप्राय था, वापस लौट रहा है। ब्लू मॉर्मन (तितली) भी यहां पनपती है!

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लिव इन में रहने वाले एक माह में कराएं पंजीयन

हर धर्म और जाति के लिए अब एक समान कानून ही लागू होंगे

उत्तराखंड में समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न ने यूसीसी पर शोध रिपोर्ट सार्वजनिक की

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में नियम एवं क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने शुक्रवार को देहरादून में विशेषज्ञ समिति समान नागरिक संहिता उत्तराखंड की रिपोर्ट जारी कर दी है। नागरिक संहिता (यूसीसी) पर शोध रिपोर्ट यूसीसी का आधार थी, उसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को यूसीसी के बारे में जागरूक करना है।

नियम एवं क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न ने कहा कि समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड की विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पढ़ने के लिए आप सरकारी वेबसाइट देख सकते हैं। यह 4 खंडों में उपलब्ध है। यूसीसी पोर्टल पर जाकर इस रिपोर्ट को हिंदी और अंग्रेजी में पढ़ा जा सकता है।

वैदिक काल से लेकर अब तक अनुसंधान किया गया

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की नींव रखने से पहले भारत के वैदिक काल से लेकर संविधान सभा के गठन तक गहन अनुसंधान किया गया था। उत्तराखंड सरकार ने यूसीसीका कानून तो पारित कर दिया लेकिन उस शोध रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया था। यूसीसी की बुनियाद में रही उस शोध रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया गया है। उत्तराखंड सरकार यूसीसी कानून और पोर्टल को लागू करने से पहले अनुसंधान रिपोर्ट को जनता के सामने लाना चाहती थी, ताकि आम लोगों जान उन तथ्यों को जान जाएं, जिनकी वजह से यूसीसी कानून पारित किया गया।

बिल में लिव इन रिलेशनशिप की सबसे ज्यादा चर्चा: यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल में लिव इन रिलेशनशिप को लेकर सर्वाधिक चर्चा है। देश में बढ़ते इस चलन पर सरकार ने गंभीरता से विचार किया है।

यूसीसी का मतलब भी बताया

यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का मतलब है कि हर धर्म, जाति, संप्रदाय, वर्ग के लिए पूरे देश में एक ही नियम। दूसरे शब्दों में कहें तो समान नागरिक संहिता का मतलब है कि पूरे देश के लिए एक समान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने के नियम एक ही होंगे।गौरतलब हो, देश में उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य है, जहां यूसीसी को कानून बनाया गया है। हालांकि अभी इसे लागू नहीं किया गया है। प्रदेश में इसी साल अक्टूबर के महीने तक यह कानून लागू होने संभावना है।

30 दिन के अंदर 'जोड़े' को कराना होगा रजिस्ट्रेशन

यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कई नियम बनाए गए हैं। सबसे पहला नियम तो यही है कि अब लिव इन में रहने वालों को 30 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। 18 से 21 आयु वर्ग के जोड़े को लिव इन में रहने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगर कपल ऐसा नहीं करता है तो उस दशा में और और जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। रजिस्ट्रेशन का उद्देश्य प्रोटेक्शन देना है, किसी की प्राइवेसी भंग नहीं होगी।

माता-पिता को सूचना देगी सरकार: रजिस्ट्रेशन के लिए लड़का-लड़की के माता-पिता को भी सूचना सरकार की ओर से दी जाएगी। माता-पिता की अनुमति के बाद ही लिव इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। अन्य शर्तें भी लागू रहेंगी।

लोगों को न्याय मिलेगा जटिलताएं भी दूर होंगी: मुख्यमंत्री धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी पर जारी हुई रिपोर्ट पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यूसीसी हमारे राज्य का वह काम है जिसके लिए जनता ने हमें चुना था, मैं उत्तराखंड की जनता को बहुत बधाई देता हूं। निश्चित रूप से यूसीसी लागू होने के बाद अनेक कानूनों में जो आज जटिलताएं हैं वह सरल होंगी। लोगों को आसानी से न्याय मिलेगा। सबके लिए एक जैसी व्यवस्था होगी।

खबर संक्षेप

आरएसएस मानहानि मामले में राहुल को राहत

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस के कार्यकर्ता राजेश कुंटे द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण ने यह आदेश पारित किया है।

ड्रग्स के साथ एसआई और साथी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एसआई और उसके साथी को एक करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल ने सब इंस्पेक्टर को दिल्ली के जाफराबाद मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सिपाही का नाम मनीष और उसके साथ का नाम रवि है। मनीष ट्रैफिक पुलिस में तैनात है और उसका साथी रवि नेपाल का रहने वाला है।

पूर्व सीएम रेड्डी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

अमरावती। आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी मुश्किल में घिरते दिख रहे हैं। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ है। इसमें दो आईपीएस अधिकारियों का भी नाम है। पुलिस ने ये कार्रवाई तेलुगू देशम (टीडीपी) के एक विधायक की शिकायत पर दर्ज किया है।

महिला डॉक्टर को ठगों ने लगाया 28 लाख का चूना

मुंबई। ऑनलाइन स्कैम भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। लोग रोज तरह-तरह के स्कैम के शिकार हो रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए लोगों के साथ स्कैम करना बहुत ही आसान हो गया है। ठगों ने लिंकडिन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक महिला के साथ ठगी की है। डॉक्टर के साथ एक साइबर ठग ने 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

महाराष्ट्र में हावी हो रही जातिगत राजनीति पर भड़के केंद्रीय मंत्री गडकरी

देश में जात पात का कोई स्थान नहीं

जो कोई करेगा जातिवाद की बात उसका कर दिया जाएगा 'बायकॉट'

सड़क परिवहन मंत्री ने जाति की राजनीति करने वाले नेताओं पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ पणजी

भाजपा के नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कास्ट की पॉलिटिक्स करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की राजनीति हो रही है।

मैं किसी भी तरह के जात-पात को नहीं मानता हूं और जो इसकी बात करेगा तो मैं उसको सबक सिखाऊंगा। उसका बायकाट कर देंगे। गडकरी ने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में करीब 40 फीसदी मुसलमान हैं। मैंने उनको पहले ही बता दिया था कि मैं आरएसएस वाला हूं और हाफ चड्डी वाला हूं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना न पड़े। गडकरी ने कहा कि जो मुझे वोट देगा उनका भी काम होगा और जो वोट नहीं देगा उनका काम भी मैं करूंगा।

कोई भी जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता

गडकरी ने कहा कि कोई भी शख्स जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता है। गरीबी, भूखमरी और रोजगार सबके लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिलेंडर हो या कोई अन्य चीज अगड़ी और पिछड़ी जाति के लोग एक ही रेट पर इसे खरीदते हैं। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि पेट्रोल हिंदू और मुसलमान एक ही कीमत पर खरीदते हैं।

महाराष्ट्र में इसी साल होंगे विधानसभा चुनाव

इस साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। अक्टूबर-नवंबर के महीने में राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए इलेक्शन होगा।

सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिए बिना जनसेवा करें

गडकरी ने कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र में जातिवाद बढ़ रहा है और यह विकास को खत्म करने वाला है। सभी राजनीतिक नेताओं को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिए बिना जनसेवा और विकास की राजनीति करनी चाहिए। महाराष्ट्र में 6 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रिंग रोड बनाए जाएंगे।। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर देश का विकास कर रही है। नेताओं और कार्यकर्ताओं को जनता की जरूरतों को समझना चाहिए और उन्हें पूरा करना चाहिए। तब ही जनता वोट के रूप में अपना आशीर्वाद देगी।

एमआईएपी को जोड़ने वाले हाईवे रोड का किया लोकार्पण

गडकरी ने गोवा में मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे रोड का लोकार्पण किया। 1,183 करोड़ की लागत वाली 7 किमी लंबी मोपा लिंक परियोजना से कनेक्टिविटी में सुधार होगा। तेज और परेशानी मुक्त यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। इस सहयोग के लिए गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे मोपा के लिए 6-लेन पहुंच-नियंत्रित लिंक रोड गोवा राज्य में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का नया प्रवेश द्वार है।

अपनी ही पार्टी को दी खास सलाह

कांग्रेस जैसी गलती न करें, जनता का विश्वास जीतें

गडकरी ने कहा कि भाजपा एक अलग तरह की पार्टी है और यही वजह है कि पार्टी ने बार-बार वोटरों का विश्वास जीता है। उन्होंने भाजपा को कांग्रेस द्वारा की गई गलतियों को दोहराने को लेकर आगाह किया। भाजपा को वो गलतियां नहीं करनी हैं जो कांग्रेस ने कीं और उसकी वजह से देश की सबसे पुरानी पार्टी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती रही है, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने पणजी में गोवा भाजपा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। बैठक में राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावड़े और सीएम प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

भाजपा एक अलग तरह की कैडर वाली पार्टी

अपने 40 मिनट के भाषण में केंद्रीय मंत्री ने अपने गुरु और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के इस कथन को याद किया और कहा कि आडवाणी जी कहा करते थे कि हम एक अलग पार्टी हैं। हमें समझना होगा कि हम अन्य पार्टियों से कितने अलग हैं?

हमारा लक्ष्य- भ्रष्टाचार मुक्त बने देश

गडकरी ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस की गलतियों की वजह से भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी कार्यकर्ताओं को यह पता होना चाहिए कि राजनीति सामाजिक और आर्थिक सुधार लाने का एक साधन है। भाजपा को भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाना है और इसके लिए हमारे पास एक योजना होनी चाहिए।

ममता और बंगाल गवर्नर में विवाद

8 बिल खारिज करने पर शीर्ष कोर्ट पहुंची बंगाल की सरकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बेनर्जी और गवर्नर सीवी आनंद बोस के बीच ठन गई है। ममता सरकार के 8 विधेयकों को गवर्नर बोस द्वारा खारिज करने से यह नया विवाद उपजा है।

ममता सरकार ने गवर्नर के फैसले के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बंगाल सरकार की वकील आस्था शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

गवर्नर ने कोई कारण नहीं बताया

याचिका में कहा गया है कि गवर्नर ने बिना कोई कारण बताए आठ विधेयकों को खारिज कर दिया है। यह कृत्य लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को कमजोर करता है। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्यपाल महोदय की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन है।

राज्य के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा

याचिका में कहा गया है कि बिना कारण बताए विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार करना लोकतांत्रिक शासन को कमजोर करना है। राज्य की वकील ने इस बारे में तर्क दिया कि राज्यपाल का यह कदम लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए खतरा पैदा कर रही है और राज्य के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। मामले की त्वरित सुनवाई की मांग पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट मामले पर विचार करेगी।

डीयू ने मनुस्मृति पढ़ाने का प्रस्ताव रद्द किया

पाठ्यक्रम में विवादित हिस्से को शामिल नहीं करेंगे : प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने लॉ फैकल्टी के उस प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया है, जिसमें मनुस्मृति को पढ़ाए जाने की बात कही गई थी। हालांकि इसे लेकर विवाद भी उठ रहा था।

डीयू के विधि संकाय के एलएलबी पाठ्यक्रम में प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति को शामिल करने को लेकर उठे विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पाठ्यक्रम में किसी भी विवादित हिस्से को शामिल नहीं करने का आश्वासन दिया है। प्रधान ने कहा कि मनुस्मृति

को पाठ्यक्रम में शामिल करने की कुछ सूचना आई थी। मैंने डीयू के कुलपति से इस संबंध में बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधि संकाय के कुछ सदस्यों ने न्यायशास्त्र अध्याय में कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं लेकिन जब यह डीयू के पास आया तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया।

अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए आवंटित 39,121 करोड़ रुपए में से 14,730 करोड़ रुपए को डायवर्ट किया गया: मेघवाल

कर्नाटक में एससी-एसटी के लिए आवंटित पैसा राहुल गांधी की गारंटियों पर हो रहा खर्च: भाजपा

कहा, राहुल गांधी एक हाथ में संविधान लेकर चलते हैं, मगर जब लोकसभा में राहुल गांधी से संविधान के बारे में पूछा जाता है, तो उन्हें इसके विषय में कुछ भी नहीं पता होता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आवंटित राशि को "राहुल गांधी की गारंटी" पर खर्च करने के लिए जमकर आलोचना की। मेघवाल ने केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह फंड डायवर्जन किसी छोटी राशि का नहीं, बल्कि बहुत बड़ी राशि का है। राहुल एक ओर हाथ में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी पार्टी की राज्य सरकार संविधान का उल्लंघन करती है।

केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि राहुल संसद में संविधान की प्रति को लेकर घूमते हैं, उसी संविधान में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए यह प्रावधान है कि इनके लिए जो आवंटित राशि होगी, वह उनके कल्याण की योजनाओं पर ही खर्च की जाएगी। लेकिन कर्नाटक में इस राशि का उपयोग राहुल की गारंटियों को पूरा करने में खर्च किया जा रहा है। यह

स्पष्ट तौर पर संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 338 में अनुसूचित जाति राष्ट्रीय आयोग की व्यवस्था की गई है। अनुसूचित जाति राष्ट्रीय आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में कर्नाटक में "फंड डायवर्जन" की बात कही गई है। यह फंड डायवर्जन किसी छोटी राशि का नहीं, बल्कि बहुत बड़ी राशि का है। अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए आवंटित 39 हजार 121 करोड़ रुपए में से 14,730.53 करोड़ रुपए को डायवर्ट कर कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में दी गई गारंटियों को पूरा करने में खर्च किया गया। कर्नाटक में अनुसूचित जाति-जनजाति के नाम पर आई कांग्रेस सरकार, राज्य की अनुसूचित जाति और जनजाति का गला घोंट रही है। भारतीय जनता पार्टी, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के फंड के डायवर्जन की घोर निंदा करती है।

केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की पवित्र पुस्तक का झूठा नैरेटिव चलाकर कुछ सीटें अवश्य जीत गए हैं, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति का दिल नहीं जीत सकते। जनता राहुल गांधी के दोहरे चरित्र को देख रही है और भारतीय जनता पार्टी इस मामले में कर्नाटक सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग करती है। यह संविधान विरोधी कृत्य है।

लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्ण अधिवेशन को संबोधित किया

एकतरफा पर्यावरणीय उपाय, व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के लिए खतरा हैं

कहा, भारत वैश्विक संकट के बीच आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दे रहा है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित किए जा रहे 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने और वैश्विक संकट के परिणामों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में संसदों की भूमिका' विषय पर पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

इस अवसर पर बिरला ने कहा कि हालांकि सतत विकास में पर्यावरण संरक्षण शामिल है, तथापि, विभिन्न देशों के अलग-अलग आर्थिक विकास स्तरों को ध्यान में रखते हुए इस लक्ष्य को न्यायसंगत तरीके से प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा कि पर्यावरण संबंधी कार्रवाईयों के रूप में उचित ठहराए जाने वाले एकतरफा उपायों से व्यापार प्रभावित हो रहा है। विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है और अंतर्राष्ट्रीय कानून, समानता और यूएनएफसीसीसी (संयुक्त राष्ट्र

फ्रेमवर्क कन्वेंशन) और एनडीसी के सिद्धांत कमजोर हो रहे हैं ।

लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि संसदें वित्तीय और आर्थिक संप्रभुता की रक्षा के लिए कानून बनाने और अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों के कार्यान्वयन का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं । इस संबंध में भारत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संसद विश्व व्यापार संगठन के तहत एक नियम-आधारित, भेदभाव रहित, मुक्त, निष्पक्ष, समावेशी, न्यायसंगत और पारदर्शी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करती है और अंतर-संसदीय गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेती है। भारत की संसद अन्य देशों के सांसदों के साथ संवाद के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्रिक्स देशों के बीच अंतर-संसदीय संवाद और राजनय को बढ़ावा देने और समकालीन मुद्दों का समाधान करने में संसदों की अग्रणी भूमिका में मंच प्रदान करने ब्रिक्स की सराहना करते हुए बिरला ने कहा कि ब्रिक्स देश विश्व की लगभग 42% आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग एक-चौथाई योगदान करते हैं और विश्व व्यापार में 16% से अधिक का योगदान करते हैं। यह मंच प्रगति और विकास के लिए साझी प्रतिबद्धता रखने वाले तीन महाद्वीपों के देशों को प्रभावी रूप से एकजुट कर रहा है। ब्रिक्स में वैश्विक संस्थाओं के भीतर आ रहे असंतुलन को दूर करने, क्षेत्रीय निकायों के बीच समन्वय में सुधार और आर्थिक संकट दूर करने के तंत्र विकसित करने की क्षमता है।

रूसी संघ के निचले सदन ड्यूमा के स्पीकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

बिरला ने 11 जुलाई, 2024 को रूसी संघ के निचले सदन ड्यूमा के स्पीकर व्याचेस्लाव विक्टरोविच वोलोडिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की।ब्रिक्स संगठन का निर्बाध रूप से विस्तार किए जाने और विशेष रूप से नए सदस्य देशों को इसमें शामिल किए जाने के लिए अपने रूसी समकक्ष की सराहना करते हुए बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि इससे ब्रिक्स मंच का प्रभाव बढ़ेगा और ग्लोबल साउथ के पक्ष को अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव

एनडीए गठबंधन के सभी 9 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में महायुति गठबंधन के सभी 9 उम्मीदवार जीत गए हैं। इस दौरान कांग्रेस की ओर से क्रॉस-वोटिंग की बात सामने आई है। कांग्रेस के 6 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। पार्टी के 4 विधायक पहले से ही अजित पवार की पार्टी एनसीपी के संपर्क में थे।

बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र एमएलसी चुनाव में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रदन्या सातव ने जीत दर्ज कर ली है। महाराष्ट्र में विधान परिषद की 11

सीटों के लिए शुक्रवार को वोट डाले गए। यह वोटिंग शाम चार बजे तक चली। इन 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, एमएलसी चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के 37 विधायक पार्टी मीटिंग में नहीं पहुंचे। इससे बड़ा सियासी खेल होने का अनुमान लगाया रहा है। इस तरह एमवीए को करारी हाल जेलनी पड़ी।

खबर संक्षेप

टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली (जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा।

हिंदुस्तान कॉपर का पूंजी व्यय बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लि. ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में उसका पूंजीगत व्यय 350 करोड़ रुपये के तय लक्ष्य को पार कर सकता है। कंपनी ने बताया कि 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 350 करोड़ रुपये है, लेकिन उम्मीद है कि कंपनी पिछले साल की तरह इस साल भी लक्ष्य को पार कर सकती है।

पूर्वांकरा ने 1,128 करोड़ रुपए के फ्लैट बेचे

बेंगलुरु। रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 1,128 करोड़ रुपये के फ्लैट की बिक्री की। कंपनी ने बताया कि आवास की मजबूत मांग के बावजूद उसने नई पेशकश स्थगित कर दी है।

क्या इलेक्ट्रिक कारों को पछाड़ देगी हाइब्रिड कारें? बाजार में मचा रही हैं तहलका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने हाल में हाइब्रिड कारों की रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 फीसदी की छूट दे दी। इसके बाद से एक नई बहस छिड़ गई है कि क्या हाइब्रिड कारें आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को सेल्स के मामले में पीछे छोड़ देंगी या भारत के लिए ईवी से बेहतर हाइब्रिड कारें हैं।

हाइब्रिड कारों की खासियत ये है कि इनके लिए वैसा कोई नया इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की जरूरत नहीं है, जैसा कि देश में इलेक्ट्रिक कारों के लिए चार्जिंग स्टेशन के रूप में चाहिए। वहीं ये सामान्य कार की तुलना में बेहतर रेंज भी देती हैं, तो ये इलेक्ट्रिक कारों के साथ जुड़ी रेंज एंजाइटी को भी दूर करती हैं।

यूपी में हाइब्रिड कारों की रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 फीसदी छूट से गरमाया मामला

क्या ईवी को पछाड़ देंगी हाइब्रिड कारें?

हाइब्रिड कारों के लिए बैटरी चार्जिंग या बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं होती है। वहीं अभी यूपी सरकार के फैसले की तरह अन्य राज्य सरकारें भी ऐसा निर्णय करें तो इस सेगमेंट को एक नया बूस्ट मिल सकता है। वहीं अगर मार्केट के ट्रेंड को देखें तो देश में एसयूवी के साथ-साथ हाइब्रिड कारों की सेल भी बढ़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की सेल में 38 प्रतिशत की ग्रोथ की संभावना है। ये अप्रैल-जून तिमाही में 22,389 यूनिट रह सकती है। वहीं ईवी की सेल्स में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है।

- हाइब्रिड कारों के लिए कोई नया इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की जरूरत नहीं पड़ती

कैसे काम करती हैं हाइब्रिड कारें?

हाइब्रिड कारों में जेट टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होती है। उसमें किसी कार के इंजन के साथ एक बैटरी भी जुड़ी होती है। यही दो मोड पर चलने की इनकी खासियत लोगों को एक्स्ट्रा रेंज देने का काम करती है। हाइब्रिड कार में लगी इलेक्ट्रिक मोटर की बैटरी पेट्रोल से चार्ज नहीं होती, बल्कि रीजेनरेटिव एनर्जी के सिद्धांत पर काम करती है। इसलिए अभी मार्केट में जो मौजूदा कारें उनमें ही मामूली बदलाव के साथ कारों को हाइब्रिड बनाया जा सकता है।

मार्केट में मौजूद हैं ये हाइब्रिड कारें

भारत में अभी मुख्य तौर पर मारुति सुजुकी और टोयोटा मोटर्स की ही हाइब्रिड कारें हैं। ये कारें दरअसल आपस में एक दूसरे का ही क्रॉसिंग वर्जन हैं। जबकि इन दोनों के अलावा सिर्फ होंडा मोटर्स ही ऐसी कंपनी है जिसकी अपनी एक हाइब्रिड सेडान होंडा सिटी ईएचईवी मार्केट में मौजूद है। गौर करने वाली बात ये है कि इन सभी कंपनियों का कनेक्शन जापान से है, यानी जापान ने हाइब्रिड कारों पर बड़ा दांव लगाया हुआ है।

पहियों के पास रीजेनरेटिव ब्रेक्स लगाए जाते हैं

हाइब्रिड कार में पहियों के पास रीजेनरेटिव ब्रेक्स लगाए जाते हैं। जैसे ही आप ब्रेक लगाते हैं तो जो काइनेटिक एनर्जी जेनरेट होती है, उसे इलेक्ट्रिसिटी डायनमो की मदद से बैटरी में स्टोर कर लिया जाता है। जब आप कार चलाते हैं तो एक निश्चित स्पीड पर पहुंचने के बाद इंजन में पेट्रोल की सप्लाई बंद हो जाती है और इलेक्ट्रिक मोटर पर आपकी कार चलने लगती है।

बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में उछाल

खुदरा महंगाई दर फिर 5% के पार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल रहा जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सांख्यिकी मंत्रालय ने जून महीने के लिए खुदरा महंगाई दर के आंकड़े घोषित किए हैं। डेटा के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर 5.08 फीसदी रही है जो मई में 4.75 फीसदी रही थी जिसे अब रिवाइज कर 4.80 फीसदी कर दिया गया है।

एक साल पहले जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी रही थी। जून महीने में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही है जो मई में 8.83 फीसदी रही थी। जून 2023 में खाद्य महंगाई दर 4.31 फीसदी रही थी।

साग-सब्जियों और दालों में बढ़ी महंगाई

देश के कई इलाकों में तेज बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है जिसके चलते साग-सब्जियां महंगी हुई है। जून में सब्जियों की महंगाई दर 29.32 फीसदी रही है जो मई में 27.33 फीसदी रही थी। दालों की महंगाई दर जून में 16.07 फीसदी रही है जो मई में 17.14 फीसदी रही थी। जून में दालों की महंगाई में मामूली कमी आई है।

- मई 2024 में 4.80 फीसदी रही थी
- खाद्य महंगाई दर 9 फीसदी के पार चली गई
- जून में खाद्य महंगाई दर 9 .36 फीसदी रही

सस्ते कर्ज की उम्मीदों पर फिरा पानी : खुदरा महंगाई दर में उछाल आरबीआई के लिए बड़ा झटका है। आरबीआई की कोशिश इसे 4 फीसदी तक लाने पर था लेकिन यूटर्न लेते हुए खुदरा महंगाई दर फिर से 5 फीसदी के ऊपर चला गया है।

औद्योगिक उत्पादन बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर पर

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 फीसदी बढ़ा

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा। आईआईपी इस साल अप्रैल में पांच प्रतिशत, मार्च में 5.4 प्रतिशत, फरवरी में 5.6 प्रतिशत और जनवरी में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। पिछले साल दिसंबर में आईआईपी 4.4 प्रतिशत और नवंबर में 2.5 प्रतिशत था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था।

खनन व बिजली खंड में उत्पादन बढ़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। मई 2023 में खनन उत्पादन 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा था।

जीसीपीएल ने भारत का पहला स्वदेशी मच्छर भगाने वाला मॉलिक्यूल पेश किया

मुंबई। भारत ने मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के वैज्ञानिकों ने अपने साझेदार के साथ मिलकर 'रेनोफ्लुथ्रिन' विकसित किया है। यह भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित और पेटेंट किया गया मॉलिक्यूल है जो मच्छर नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी लिक्विड वेपोराइजर फॉर्मूलेशन बनाता है। रेनोफ्लुथ्रिन से बने फॉर्मूलेशन भारत में वर्तमान में उपलब्ध लिक्विड वेपोराइजर फॉर्मेट में किसी भी अन्य पंजीकृत फॉर्मूलेशन की तुलना में मच्छरों के खिलाफ दोगुना प्रभावी है। घरेलू कीटनाशकों की श्रेणी में अग्रणी जीसीपीएल अपने नए गुडनाइट फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर में रेनोफ्लुथ्रिन फॉर्मूलेशन पेश कर रहा है, जो भारत का सबसे प्रभावशाली लिक्विड वेपोराइजर है। इस मॉलिक्यूल की सफलता पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के एमडी और सीईओ सुधीर सीतापति ने कहा, "इनोवेशन की 127 साल की विरासत के साथ गोदरेज ने भारत में कई घरेलू नवाचार पेश किए हैं। विशेष रूप से, हमने अगरबत्ती जैसे मच्छर भगाने वाले उत्पादों का व्यापक उपयोग देखा है, जिसमें विभिन्न चैनलों से भारत में प्रवेश करने वाले अपंजीकृत और अवैध चीनी मॉलिक्यूल शामिल हैं। रेनोफ्लुथ्रिन भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित मच्छर भगाने वाला मॉलिक्यूल है जो लोगों को अवैध मॉलिक्यूल वाले उत्पादों का उपयोग करने से रोकेगा।

सोना 250 रुपए मजबूत, चांदी में 200 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूती दिखी और राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को यह 250 रुपये की मजबूती के साथ 75,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जबकि बुधवार को सोने में 400 रुपये की तेजी आई थी। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक कीमतों में नरमी के बीच स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत खरीदारी के कारण कीमतों में तेजी आई है। हालांकि, चांदी की कीमत 200 रुपये के नुकसान के साथ 94,300 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। इससे पिछले सत्र में चांदी 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। संघ ने कहा कि सराफा बाजारों में सोने की कीमत में लगातार तीसरे सत्र में तेजी दिखी।

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना सम्भावना भी बन रही है।


वृष — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है।

मिथुन — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं।

सिंह — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

कन्या — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

तुला — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक — क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

धनु — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

मीन — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स, निफ्टी शीर्ष पर

एजेंसी ⏭ मुंबई

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई। निवेशकों की संपत्ति भी 1.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछला। निफ्टी भी 186.20 अंक बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिका में मुद्रास्फीति एक साल के निचले स्तर पर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा। दिग्गज आईटी कंपनी के मजबूत परिणाम और अमेरिका में मुद्रास्फीति के एक साल के निचले स्तर पर आने से बाजार में उम्मीद नजर आई।

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती

स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि ।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कोल इंडिया ई-नीलामी के नियम आसान बनाएगी

नई दिल्ली। महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के उपाए किये हैं। कंपनी ने बताया कि इसके तहत बयाना राशि को कम करना और पेशकश में कोयला की मात्रा बढ़ाने जैसे कदम शामिल हैं। कोल इंडिया अपनी नीलामी और आवंटन पद्धति में भी बदलाव करने की योजना बना रही है, जिसका मकसद भागीदारी को बढ़ावा देना है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'कोल इंडिया ने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के लिए बयाना राशि जमा (ईएमडी) को कम करने और नीलामी के तहत पेश की जाने वाली मात्रा को बढ़ाने जैसे कदम उठाए हैं।'

अदाणी विल्मर लेगी ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी नई दिल्ली। प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अदाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

NOTICE
I, KRISHAN PAL SINGH S/O LATE SHRI LAHARI SINGH R/O D-30/804, EAST GOKALPUR DELHI-110094, Mob. No. 9990515868 declare that I am citizen of India. I have lost by field executive I.D Card issued my ICICI Bank (ID No. 0845080333) somewhere by me.

सार्वजनिक सूचना
यह सर्व साधारण के संज्ञान में लाया जाता है कि आईसीआईसीआई बैंक लि. द्वारा जारी श्री रवि का एक आईडी कार्ड, जिसका आईडी कार्ड नं. 2437102 है, जो 11 जुलाई 2024 को गुम हो गया / खो गया है। कोई व्यक्ति जिसको उक्त आईडी कार्ड मिले, से आग्रह किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवाएं एवं प्रबंधन ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को लौटाये।
इसलिये आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को उक्त आईडी कार्ड नं. 2437102 धारक अनाधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नहीं करने के लिये एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।
इसके अतिरिक्त कृपया समझ लें कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई व्यक्ति उसके स्वयं के लागत, जोखिम और विपत्ति पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भुगतान हेतु बाध्य और / अथवा उत्तरदायी नहीं होगा।
कृते आईसीआईसीआई बैंक लि.
प्लॉट नं. 7, कम्युनिटी सेंटर, एस.डी. टावर, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनूप सिंह पुत्र श्री अवधेश सिंह, निवासी— मकान नंबर जे—265, जेजे कॉलोनी, शकरपुर, दिल्ली ने मुकदमा संख्या 245/17 धारा 283 IPC अन्तर्गत थाना नार्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनूप सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनूप सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 245/17 धारा 283 IPC अन्तर्गत थाना नार्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनूप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
श्री इब्बानी अग्रवाल
महानगर दंडाधिकारी (N-W)
कमरा नं0 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/9019/RD/2024 (Court Matter)

गुमशुदा की तलाश
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला नाम **मोनिका** पुत्री दयाराम निवासी सी-317 ब्लाक-2 लाल फ्लैट सेक्टर 3 डीएसआईआईडीसी, बवाना उक्त महिला दिनांक 05/07/2024 से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी नं 33ए दिनांक 06/07/2024 पुलिस थाना बवाना दिल्ली में दर्ज है।** स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है: **नाम:** मोनिका, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 21 वर्ष, **कद:** 5'2", **रंग:** गोरा, **शरीर:** सामान्य, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** ग्रीन सूट और सफेद प्लाजो और पैरों में चप्पल । यदि किसी के पास इस गुमशुदा महिला के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया प्रभारी / बवाना, दिल्ली को सूचित करें।

मोनिका
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/8976/ON/2024
थाना प्रभारी
थाना, बवाना, दिल्ली।
Tel. 011-27751949

PUBLIC NOTICE
The General Public is hereby informed that the Galaxy Realcon Pvt. Ltd. having its Registered Office at NDM-2, C-807 Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi – 110034 granted Licence No. 56 of 2023 dated 17.03.2023 for setting up an Affordable Residential Plotted colony over the land measuring 10.6875 acres in revenue estate of Village Bambar and Sangwari ,Sector -33, Rewari (Hr.). The department of DTCP Haryana has also granted the Completion Certificate on 27.10.2023 in respect to said colony. Now the company has applied for grant of licence for setting up an Affordable Residential Plotted Colony on the land measuring 4.56875 acres (in addition to Licence No. 56 of 2023) at Village Bambar , Sector -33, Rewari (Hr.) .For which LOI has been granted vide Memo No. LC-4924-B/JE(SK)/2024 /20517 dated 09/07/2024 . The proposed additional licence will have impact on the existing approved layout plan. Therefore, layout plan of the colony needs amendment to incorporate above proposed licence .
As per condition No. 11 of said LOI we are required to invite objections /suggestions from each existing allottee regarding revision in existing layout plan, as per policy instructions dated 25.01.2021 . If allottee(s) want to see the approved layout plan as well as revised layout plan after incorporating the proposed licence then he/she may see the same at the office of company as well as in the office of Senior Town Planner , Gurgaon. If the allottee(s) has any objections/suggestions in respect to revised layout plan, the same may file his/her objections/suggestions in the office of Senior Town Planner, Gurgaon within 30 days from the date of issue of this public notice.
M/s GALAXY REALCON PVT. LTD.
NDM-2, C-807, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi – 110034



शब्द पहेली - 5570

1	2		3		4	■	5		6	7
8		■		■	9			■	10	
	■	11				■	12	13	■	
14				■	15	16	■	17	18	
	■		■	19			20	■		■
21	22		23		■	24		25		26
■		■	27		28		■		■	
29		30	■	31		■	32			
	■	33	34	■	35				■	
36	37	■	38			■		■	39	
40				■	41					

बाएँ से दाएँ
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली- 5569 का हल

■	ब	ल	शा	ली	■	रु	ख	सा	र	■
अ	न	■	ली	■	प	त	न	■	जा	न
न	■	ज	मा	दा	र	■	न	म	■	फा
म	ग	रु	र	■	■	आ	■	द	र	स
ना	■	र	■	अ	ज	ग	र	■	वा	त
■	मि	त	वा	■	ही	■	स	प	ना	■
म	ल	■	दा	वा	न	ल	■	रा	■	फि
त	न	य	■	ल	■	■	ह	ज	र	त
ल	■	म	त	■	का	र्या	ल	य	■	र
बी	ज	■	म	का	न	■	च	■	सा	त
■	य	ल	गा	र	■	ब	ल	शा	ली	■

खबर संक्षेप

हम हर मैच जीतना चाहते हैं : हरमनप्रीत

नई दिल्ली। कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है। इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा। भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी20 श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है।

डोपिंग का दंश झेलना सबसे निराशाजनक

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके कॅरियर का सबसे निराशाजनक समय था। जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था।'

हिमंत ने लवलीना को दीं शुभकामनाएं

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली राज्य की इकलौती मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में दी गई। लवलीना ने 2020 टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली राज्य की पहली खिलाड़ी बनीं थी। शर्मा ने इस मौके पर लवलीना के लिए शुभकामनाएं लिखने के साथ गमोसा (अंग वस्त्र) पर हस्ताक्षर किए। असम अमेच्योर मुक्केबाज संघ ने इस खिलाड़ी को शुभकामनाएं भेजने के लिए अपनी पहल में, गुरुवार को हस्ताक्षर एकत्र किए। खिलाड़ियों और अन्य हस्तियों से शुभकामनाएं लेने के बाद, एएबीए सचिव हेमंत कुमार कलिता लवलीना को 'गुड लक गमोसा' सौंपेंगे।

मेदवेदेव को हराकर गत चैम्पियन अल्काराज विम्बलडन फाइनल में

लंदन। चैम्पियन कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अल्काराज ने दो महीने पहले ही अपना 21वां जन्मदिन मनाया था और वह अपने लगातार दूसरे विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से महज एक कदम दूर हैं। सेंटर कोर्ट पर शुरुआती सेट में औसत प्रदर्शन के बाद उन्होंने स्फूर्ति से वापसी करते हुए आक्रामक खेल दिखाया और मुकाबला जीत लिया। अल्काराज ने कहा, ''मुझे ऐसा लग रहा है कि अब मैं नया खिलाड़ी नहीं हूं। मुझे ऐसा लगता है कि मैं अब जान गया हूं कि फाइनल से पहले मैं कैसा महसूस करूंगा। उन्होंने कहा, ''मैं वही चीजें करने की कोशिश करूंगा जो मैंने पिछले साल की थी और बेहतर करने का प्रयास करूंगा।

टेस्ट सीरीज : वेस्टइंडीज को पारी और 114 रन से हराया

इंग्लैंड जीता, एंडरसन का संन्यास, 704 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज, फेंकी रिकॉर्ड 50 हजार गेंदें

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में 121 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी मैच के तीसरे दिन शुरुआती घंटे के अंदर 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से यादगार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से यादगार विदाई ली। एंडरसन ने अपने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके जिससे इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ।

गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित

इंग्लैंड के 41 वर्षीय गेंदबाज को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, फैंस ने उनका ताली बजाकर स्वागत किया। इसके बाद दिग्गज गेंदबाज ने मैदान पर मौजूद सभी का अभिवादन किया। इंग्लैंड क्रिकेट ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया है। इसके साथ कैप्शन में बोर्ड ने लिखा, /"एक महान व्यक्ति के लिए सम्मान। अलविदा जेम्स एंडरसन और धन्यवाद।/"

एंडरसन का टेस्ट करियर

188	मैच
704	विकेट
26.45	औसत
11/71	मैच में बेस्ट

स्ट्राइक रेट
56.8
इकोनॉमी रेट
2.79
पारी में बेस्ट
7/42
पारी में 5 विकेट
32
मैच में 10 विकेट
3

50 हजार प्लस गेंदें तीनों प्रारूपों में फेंके

जेम्स एंडरसन ने अपने आखिरी टेस्ट मुकाबले में उम्दा गेंदबाजी करते हुए एक खास उपलब्धि प्राप्त कर ली है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 50,000 से अधिक गेंदे फेंकने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक गेंदे डालने का रिकॉर्ड श्रीलंकाई पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के लिए 495 मैचों में शिरकत की। इस बीच वह 583 ओवरों में 63132 गेंदे फेंकने में कामयाब रहे। पूर्व भारतीय दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले कुल 55346 गेंदे फेंकर दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न (51347 गेंदे) हैं। इन तीनों गेंदबाजों के बाद जेम्स एंडरसन का नाम आता है। एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए अबतक कुल 401 मैच की 560 पारियों में शिरकत की है। इस बीच वह 50000 से अधिक गेंदें डाल चुके हैं।

एटकिंसन ने डेब्यू मैच में झटके 12 विकेट

गट एटकिंसन ने पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए।

0 तीसरे सबसे सफल गेंदबाज

एंडरसन ने कॅरियर का आगाज 21 साल पहले 2003 में लॉर्ड्स के मैदान पर ही किया था। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैदान पर आया है। उन्होंने 2017 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 42 रन पर सात विकेट झटके थे। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है। वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद इस प्रारूप के

सबसे ज्यादा विकेट

विकेट	खिलाड़ी	देश
800	मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका
708	शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया
704	जेम्स एंडरसन	इंग्लैंड
619	अनिल कुंबले	भारत
604	स्टुअर्ट ब्रॉड	इंग्लैंड
563	ग्लेन मैकग्रा	ऑस्ट्रेलिया
530	नाथन लियोन	ऑस्ट्रेलिया
519	कर्टनी वॉल्श	वेस्टइंडीज
516	आर अश्विन	भारत
439	डेल स्टेन	द.अफ्रीका

भारतीय युवा ब्रिगेड की नजरें श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिए श्रृंखला अपने नाम करके एक नए दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2-1 से बढ़त बना ली है।

चौथा टी20 आज

मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जाएगी लेकिन इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। टी20 क्रिकेट से रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है। संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिए भी इस श्रृंखला में बहुत कुछ दांव पर है। भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं। बिश्नोई, आवेश खान और वॉशिंगटन छह-छह विकेट ले चुके हैं। मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था जो आवेश की जगह खेल सकते हैं।

यूरो 2024

इंग्लैंड-स्पेन के बीच यूरोपीय चैंपियन बनने की जंग आज

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमाल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशायी हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी। अभी तक अपनी क्षमता के अनुरुप नहीं खेल सकी इंग्लैंड की टीम 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है। इंग्लैंड के बाहर पहली बार फाइनल में पहुंची जेरेथ साउथगेट की टीम के पास केन, जूड बेलिंघम, फिल फोडेन और बुकायो साका जैसे स्टार हैं।

भारतीय महिला टीम ने मैत्री मैच में म्यामां को 1-1 से बराबरी पर रोका

यांगून। भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामां को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। भारतीय टीम को मंगलवार को खेले गए इस दौरे के शुरुआती मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। प्यारी खाखा ने मैच के 48वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने इस गोल का जश्न मनाना अभी खत्म ही किया था कि दो मिनट के अंदर ही विन थीइंगी तुन ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले मे आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। म्यामां की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामां की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका क्रेजिकोवा-पाओलिनी में होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| लंदन



बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी।

निशानेबाज सबीरा ने शॉटगन जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली। शुक्रवार को इटली के पोरपेटो में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। सबीरा ने फाइनल में 40 में से 29 निशाने लगाये और इटली की सोफिया गोरी से पीछे रहीं, जिन्होंने 39 हिट से रजत पदक जीता। अमेरिका की कैरी गैरिसन ने 40 निशाने साधकर स्वर्ण पदक जीता। सबीरा ने इससे पहले 113 के स्कोर के साथ छह निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। जूनियर महिला ट्रैप में भव्या त्रिपाठी ने 102 अंक के साथ 26वां स्थान हासिल किया जबकि राजकुमार इंगले 100 के स्कोर के साथ 33वें स्थान पर रहे। जूनियर पुरुष ट्रैप में आर्य वंश त्यागी छठे और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए शूट-ऑफ में पिछड़ने के बाद खिताबी मुकाबले से चूक गए।

साबले को ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन...

नई दिल्ली। भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले टोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे। उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं।'

एशिया कप : भारत और पाक की महिला टीमों में 19 को होगी जंग

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत दांबुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे।

द्रविड़ ने कोच के रूप में टी-20 विश्व कप का खिताब जीता

भारतीय क्रिकेट : 24 कोच में द्रविड़ का कार्यकाल सबसे बढ़िया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 साल बाद टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। इस दौरान राहुल द्रविड़ कोच थे। उनके कार्यकाल का यह आखिरी टूर्नामेंट था। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक 24 कोच रहे हैं। इनमें से 4 (जॉन राइट, ग्रैग चैपल, डंकन फ्लेचर और गैरी कर्स्टन) विदेशी और अन्य सभी भारतीय मूल के हैं। आइए जानते हैं किन कोचों ने भारतीय टीम को आईसीसी ट्रॉफी दिलाई है।

द्रविड़ का सफल कार्यकाल

द्रविड़ ने भारतीय टीम के लिए 56 वनडे, 77 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में कोचिंग की, इस दौरान 41 वनडे और 55 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में टीम को जीत मिली। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 24 मुकाबलों में कोचिंग की थी। इस दौरान भारतीय टीम को 14 मुकाबलों में जीत मिली थी और सिर्फ 7 मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा। टी-20 विश्व कप के अलावा द्रविड़ की कोचिंग में टीम ने एशिया कप भी अपने नाम किया था।

1983 विश्व कप : नहीं था कोई कोच

भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली बार साल 1983 में वनडे विश्व कप अपने नाम किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि उस समय टीम के पास कोई कोच नहीं था। टीम के प्रबंधक पीआर मान सिंह थे। वह 1983 से 1987 तक इस पद पर रहे। टीम के सदस्य रहे कृष्णम्माचारी श्रीकांत ने एक इंटरव्यू में कहा था, हम चैंपियन इसी वजह से बने थे, क्योंकि हमारे पास कोच नहीं था।

2007 : जीते विश्व कप

भारतीय टीम 1983 के बाद साल 2007 में टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में कामयाब रही थी। टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को हराया था। उस दौरान भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में कॉमनवेल्थ वनडे सीरीज भी जीती थी।

2011 : कर्स्टन थे टीम के कोच

भारतीय टीम ने साल 1983 के बाद पहली बार वनडे विश्व कप 2011 में जीता था। इस विश्व कप में भारतीय टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रहे कर्स्टन थे। टीम ने विश्व कप के फाइनल मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 6 विकेट से हराया था। सेमीफाइनल में टीम को ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत टीम के खिलाफ उन्हें जीत मिली थी। कर्स्टन साल 2008 से 2011 तक भारतीय टीम के कोच रहे थे।

महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ी सं. 04494/04493 दिल्ली जं. –गोरखपुर–दिल्ली जं. के बीच संचालित करने का निर्णय किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:

रेलगाड़ी सं. 04494/04493 दिल्ली जं.–गोरखपुर जं.–दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी				32 फेरे
रेलगाड़ी सं. 04494 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04493 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	05:40	दिल्ली जं.	16:30	----
21:15	----	गोरखपुर जं.	----	00:15

चलने के दिन : 04494 दिल्ली जं. से दिनांक 13,15,17,20,22.07.2024, 07,10,12,14,17,19,21,24,26,28, 31.08.2024 को एवं 04493 गोरखपुर जं. से दिनांक 14,16,18,21,23.07.2024, 08,11,13,15,18, 20,22,25, 27,29.08.2024, 01.09.2024 को।

ठहराव: गाजियाबाद, पिलखुआ, हापुड, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, बालामऊ जं., लखनऊ, बाराबंकी जं., जरवल रोड, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

2141/2024

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

नेपाल में भीषण हादसा हुआ। भूस्खलन की चपेट में आने के कारण दो बसें हादसे का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक मध्य नेपाल में मदन-आश्रित राजमार्ग पर लगभग 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हुई। 63 से ज्यादा लोग लापता हैं, बचाव अभियान जारी।

2 लोगों ने कूदकर जान बचाई

नेपाल में भूस्खलन से 2 बसें नदी में गिरीं, ड्राइवर सहित 7 भारतीयों की मौत, 65 से ज्यादा लापता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेपाल में भारी बारिश के बीच शुक्रवार सुबह एक हाईवे पर भूस्खलन के चलते 2 बसें त्रिशुली नदी में गिर गईं। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक, दोनों बसों में चालकों समेत 63 लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हो गई है। 65 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक बस के ड्राइवर की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि 2 लोगों ने बस से कूद कर जान बचाई। हादसा सेंट्रल नेपाल में मदन-अश्रित हाइवे पर सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर हुआ। लगातार बारिश और पानी के तेज बहाव के चलते सर्च और बचाव कार्यों में दिक्कत आ रही है।

7 दिन में 62 लोगों की मौत

नेपाल में बारिश और खराब मौसम के चलते पिछले 7 दिनों में 62 लोगों की मौत हुई है, इनमें 34 लोग भूस्खलन में मारे गए। 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 28 लोग बाढ़ में बहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक नेपाल में भारी बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 121 घर सैलाब में बह गए और 82 बुरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं। सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है।

नेपाल पीएम ने हादसे पर दुख जताया

भूस्खलन के चलते नदी में गिरने वाली एक बस काठमांडू जा रही थी। इसमें 24 लोग सवार थे। दूसरी बस में 41 लोग सफर कर रहे थे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि नारायणगढ़-मुग्लिन रोड स्टेशन पर भूस्खलन से बस बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट से मुझे काफी दुख हुआ है। मैं सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की खोज करने और उन्हें सही सलामत बचाने का निर्देश देता हूं।

यात्रियों को खोज में सर्च ऑपरेशन जारी

दहल ने एक्स पर लिखा,'नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड के सिमल्टार में भूस्खलन में बसों के बह जाने के बाद लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने और देश के विभिन्न हिस्सों में आपदा से हुए नुकसान की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं गृह प्रशासन सहित सभी सरकारी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और बचाव के लिए निर्देश देता हूं। विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से आए मलबे ने नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड पर यातायात बाधित कर दिया है।

भारत-कतर के बीच अगली बैठक आयोजित करने पर बनी सहमति

संयुक्त कार्य समूह की बैठक में दोनों देशों के बीच ट्रेड प्रमोशन को सुगम बनाने पर तैयार

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने और दोनों देशों के बीच व्यापार संवर्धन (ट्रेड प्रमोशन) को सुगम बनाने पर भी सहमति जताई। इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच 2025 में नई दिल्ली में संयुक्त कार्य समूह की अगली बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों के एक समूह ने 10 जुलाई, 2024 को दोहा के कतर में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक की। इस बैठक में भारत के वाणिज्य विभाग, अन्य मंत्रालयों एवं संगठनों के अधिकारियों ने भाग लिया।

■ सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान हो

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने और दोनों देशों के बीच व्यापार संवर्धन (ट्रेड प्रमोशन) को सुगम बनाने पर भी सहमति जताई।

इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच 2025 में नई दिल्ली में संयुक्त कार्य समूह की अगली बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में इस बारे में जानकारी दी, भारत-कतर संयुक्त कार्य समूह की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दोहा के कतर में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ एक संयुक्त कार्य समूह की बैठक की।

भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 14.08 बिलियन डॉलर रहा

भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 14.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा है। भारत कतर का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में हाल के घटनाक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध को और भी आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। इस संबंध में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए कई प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की। इनमें रत्न और आभूषण, सीमा शुल्क अधिकारियों के बीच सहयोग, स्थानीय मुद्रा में व्यापार, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य सुरक्षा, एमएसएमई आदि में सहयोग शामिल है।

जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति जताई

बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने और माल पर सीमा शुल्क नियंत्रण के लिए आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान में खाद्य सुरक्षा और सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति जताई। मंत्रालय ने बताया दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश सहयोग के लिए निजी क्षेत्र के दृष्टिकोण और प्रस्तावों का अनुसरण करने और उन्हें कार्यान्वित करने में अपनी निर्धारित भूमिका निभाने के लिए संयुक्त व्यापार परिषद को सक्रिय करने की संभावित व्यवस्था पर भी विचार-विर्मश किया।

एक शांत और समृद्ध बिम्सटेक को लेकर प्रधानमंत्री ने दोहराई भारत की प्रतिबद्धता

समूह देशों के विदेश मंत्रियों के साथ हुई संयुक्त शिष्टाचार मुलाकात में बोले पीएम, आर्थिक-सामाजिक विकास में इंजन समान है बिम्सटेक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में दो दिनों से जारी 'द बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड आर्थिक कोआपरेशन' (बिम्सटेक) देशों के विदेश मंत्रियों के दूसरे सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। लेकिन इसके पूर्व में समूह के सातों देशों के विदेश मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त रूप से शिष्टाचार मुलाकात की। इसमें प्रधानमंत्री ने एक शांत, सुरक्षित, समृद्ध और लचीले बिम्सटेक को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इसकी भूमिका आर्थिक और सामाजिक विकास में एक इंजन के समान है। इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिम्सटेक के विदेश

मंत्रियों से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसी साल सितंबर महीने में सफल शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड को पूर्ण समर्थन दिया। यहां बता दें कि समूह में भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, भूटान और थाईलैंड शामिल हैं। बिम्सटेक भारत की पड़ोस सबसे पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और सागर विजन में खासा महत्व रखता है।

यूं भारत ने आयोजित किया सम्मेलन

भारत ने बिम्सटेक देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन का आयोजन समूह देशों के साथ जारी विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करने और सहयोग के विस्तार के उद्देश्य से किया था। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने किया। बीते 11 जुलाई को आयोजित किए गए सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समूह में सहयोग को मजबूती प्रदान करने के लिए नए इंजन और संसाधनों के साथ प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका के एनएसए के बीच हुई फोन पर वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) के बीच शुक्रवार को टेलिफोन पर बातचीत हुई। इसमें द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय चिंताओं से जुड़े हुए कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत के एनएसए अजीत डोभाल और अमेरिका के एनएसए जैक सुलिवन ने जुलाई महीने में और साल के अंत में होने वाली क्वाड तंत्र से जुड़ी उच्च स्तरीय गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की। मंत्रालय ने बताया कि दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भविष्य में भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती प्रदान करने को लेकर अपनी बातचीत में सहमति जताई। जो कि साझा मूल्यों और समान सामरिक और सुरक्षा हितों पर कायम हैं। शांति और सुरक्षा के लिए वैश्विक चुनौतियों को लेकर साझा रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता भी दोनों एनएसए ने वार्ता के दौरान प्रकट की है। भारत और अमेरिका व्यापक वैश्विक सामरिक भागीदारी के विस्तार के भी पक्ष में हैं।

प्रस्ताव में जेपोरेजिया परमाणु संयंत्र से बिना शर्त रूसी सेनाओं को हटाने की मांग की गई

यूक्रेन द्वारा यूएनजीए में रूस के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

यूक्रेन द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में रूस के खिलाफ लाए गए मसौदा प्रस्ताव से भारत ने दूरी बनाई है। इसमें रूस को यूक्रेन के खिलाफ जारी आक्रामकता को रोकने, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के तहत निर्धारित यूक्रेनी क्षेत्र जेपोरेजिया परमाणु संयंत्र से बिना किसी शर्त के सेनाओं और अन्य अनाधिकृत कर्मियों को हटाने की मांग की गई। साथ ही ये कहा गया कि यूक्रेन के चुनौतीपूर्ण ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर रूसी फौजों के कब्जे से परमाणु दुर्घटना होने या ऐसी घटना का समूचे यूक्रेन में होने का खतरा है। इस प्रस्ताव का शीर्षक 'सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ऑफ न्यूक्लियर फैसिलिटी ऑफ यूक्रेन, इंक्लूडिंग

द जेपोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट' था। जिसे यूक्रेन महासभा में लेकर आया और उसे अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी सहित दुनिया के 50 देशों की तरफ का समर्थन मिला। 193 सदस्यीय महासभा ने पिछले गुरुवार देर रात इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसके बाद हुई वोटिंग में 99 देशों ने मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में वोटिंग की, 9 ने विरोध में और 60 ने प्रस्ताव से दूरी बनाई। दूरी बनाने वालों में भारत के अलावा दक्षिण पूर्व एशिया से चीन, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका ने भी महासभा में लाए गए इस प्रस्ताव से किनारा किया। मसौदा प्रस्ताव के विरोध में वोट करने वालों में रूस, बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया और सीरिया शामिल हैं।

भारत ने दुनिया को दिया शांति का संदेश

ज्ञात हो कि भारत और रूस के बीच दशकों से मजबूत संबंध रहे हैं। वर्ष 2022 में यूक्रेन विवाद की शुरुआत के बाद से लेकर आज तक भारत ने सार्वजनिक रूप से इसे लेकर कभी भी रूस की निंदा नहीं की है। हालांकि भारत ने रूस, यूक्रेन समेत समूची दुनिया को साफ तौर पर ये संदेश दिया है कि यह युग युद्ध का नहीं है। इस विवाद का समाधान रणभूमि में नहीं बल्कि बातचीत और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए। मासूमों की मौत को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी हालिया मास्कोको यात्रा में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई मुलाकात में भी इस कथन को पूरी मजबूती के साथ दोहराया था।

सुरक्षा स्थिति की मिलेगी पूरी रिपोर्ट

यूक्रेन ने मसौदा प्रस्ताव में रूस से यह भी कहा कि जेपोरेजिया परमाणु संयंत्र को पूरी तरह से यूक्रेनी प्राधिकार में देने से अंतरराष्ट्रीय एटॉमिक एनर्जी एजेंसी को सहयोग और सहायता मिशन की मदद से संयंत्र के सभी भागों का आकलन करने, साइट की परमाणु सुरक्षा स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने में आसानी होगी।

रूस का पक्ष

प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने से पहले रूस ने महासभा में अपना पक्ष रखा। रूस के उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पोलियांस्की ने कहा कि दुर्भाग्य से महासभा ने ऐसे कई प्रस्ताव स्वीकार किए हैं। जो गैर-सहमति और राजनीतिक हैं और सच्चाई को प्रदर्शित नहीं करते। गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। प्रस्ताव कीव के समर्थन में वाशिंगटन, ब्रुसेल्स और लंदन द्वारा उक्त विवाद को और आगे बढ़ाने की नीति है। जबकि संवेदनशील वैश्विक समुदाय को विवाद का शांतिपूर्ण, सतत और दीर्घावधि समाधान निकालने पर जोर देना चाहिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109